ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 04 अक्टूबर 2023 • वर्ष-29 • अंक-347 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मोना सिंह, राजेश तैलंग गैंगस्टर ड्रामा सीरीज... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### एसीबी में अफसरों के बीच काम का बंटवारा, प्रमंडलों का मिला प्रभार

**रांची।** एसीबी में एसपी स्तर के अधिकारियों के बीच काम का बंटवारा हो गया है। रांची प्रमंडल, विशेष प्रमंडल व जमशेदपुर प्रमंडल का प्रभार मणिलाल मंडल को दिया गया है। वहीं, आरिफ एकराम को हजारीबाग व पलामू प्रमंडल का प्रभार दिया गया है। जबकि कैलाश करमाली को धनबाद व दुमका प्रमंडल के एसपी का प्रभार दिया गया है। पूर्व में अफसरों की तैनाती नहीं होने की वजह से पद खाली थे।

### जेई की परीक्षा देने जा रहे दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां गौरी पुल के समीप मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे दो वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जयनगर के सांथ निवासी जोहीत कुमार (पिता घनश्याम राम) एवं मोहसिन अंसारी (पिता इम्तियाज अंसारी) दोनों की उम्र करीब 22 साल, एक बाइक पर सवार होकर जेई की परीक्षा देने हजारीबाग जा रहे थे। इसी दौरान गौरी नदी पुल के समीप एक वैगन आर कार से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। वहीं उनकी बाइक पूरी तरह से जल गई। घटना की सूचना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वैगन आर कार को कब्जे में लेकर कार के चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।

### जमीन घोटाले मामले में आरोपी राजेश की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने मंगलवार को जमीन घोटाला मामले के आरोपित राजेश राय की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने राजेश राय की जमानत याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। इसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी।

### अवैध खनन मामला : पंकज मिश्रा की जमानत पर अगली सुनवाई 13 को

**रांची।** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। इसके बाद अदालत ने पंकज की जमानत पर अगली सुनवाई की तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित की है। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं लेकिन अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं।

### हाई कोर्ट में रांची हिंसा मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा की एनआईए जांच को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार से पूछा कि वह कैसे इस केस को एनआईए को ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। क्या इसका कोई साक्ष्य है कि यह घटना शेड्यूल ऑफेंस के तहत आ रही है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उनकी ओर से सिर्फ यह कहा गया कि मामले की जांच नहीं हो रही है। इससे पहले एनआईए और राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूरे प्रकरण में यह मामला शेड्यूल ऑफेंस के दायरे में नहीं आता है।

### 1.50 लाख रुपये नकदी सहित लाखों के आभूषण की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पाकुड़।** जिले की आमड़पाड़ा थाना पुलिस ने पार्सल के नाम पर दरवाजा खुलवाकर अकेली लड़की को बेहोश कर 1.50 लाख रुपये नकदी सहित लाखों के आभूषण चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस घटना में शामिल दो सुनारों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में गोड्डा निवासी कुणाल वत्स, धुर्व कुमार यादव, शुभम तिवारी उर्फ अंकित तिवारी, सोनार जयनन्दन प्रसाद सोनी और बिहार के खगड़िया निवासी सोनार राजेश कुमार का नाम शामिल हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन पलामू में आज, सुरक्षा के कड़े प्रबंध

### मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का करेंगे उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को पलामू पहुंचेंगे। वे यहां सदर प्रखंड के चियांकी पंचायत के गणके में स्थापित मेधा डेयरी के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उदघाटन करेंगे। सीएम श्री सोरेन चियांकी हवाई अड्डे से सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक जायेंगे।

मंगलवार को पलामू के डीसी शशि रंजन व एसपी रिष्मा रमेशन ने पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। बता दें कि सीएम श्री सोरेन के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। कार्यक्रम स्थल के आस पास करीब दो हजार जवानों की तैनाती की गई है। यहां तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिसमें तीन डीएसपी व एक दर्जन से अधिक पुलिस इंस्पेक्टर समेत एक सौ सब इंस्पेक्टर की प्रतिनियुक्ति की गई है। बताया जाता है कि सीएम बुधवार को निर्धारित समय पर हेलीकाप्टर से चियांकी पहुंचेंगे। उनके साथ कई अन्य मंत्री भी रहेंगे।

### झारखंड में 152 बीडीओ का तबादला, अधिसूचना जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने एक साथ 152 प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) का तबादला किया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने मंगलवार शाम अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार जामताड़ा जिले के सदर क्षेत्र के बीडीओ जहीर आलम को धनबाद के गोविंदपुर का बीडीओ बनाया गया है। जबकि बोकारो के पेटरवार बीडीओ शैलेश कुमार चौरसिया को धनबाद टुंडी का बीडीओ, गढ़वा के डंडा में पदस्थापित बीडीओ फनीश्वर रजवार को धनबाद के तोपचांची का बीडीओ, पलामू के हरिहरगंज में पदस्थापित जय प्रकाश नारायण को धनबाद के कलियासोल का बीडीओ, सुषमा आंनद को धनबाद के बाघमारा का बीडीओ, गढ़वा के सदर इलाके में पदस्थापित कुमुद कुमार झा को खूंटी जिले के तोरपा का बीडीओ बनाया गया है। इसके अलावा प्रशांत डांग को खूंटी जिले के रनिया का बीडीओ, सुलेमान मुंडारी को खूंटी के मुरहू का बीडीओ, गणेश महतो को खूंटी के अड़की का बीडीओ, स्मिता नगेशिया को खूंटी के कर्रा का बीडीओ, ज्योति कुमारी को खूंटी जिले के सदर का बीडीओ बनाया गया है। इसके अलाव अन्य कई अधिकारियों को एक जगह से दूसरे जगह भेजा गया है।

## झारखंड में 8 अक्टूबर तक होगी बारिश, अलर्ट जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिसने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह बारिश अगले 8 अक्टूबर तक राज्यभर में होती रहेगी। इसकी जानकारी मौसम विभाग केंद्र रांची ने दी है। विभाग ने 5 अक्टूबर तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है वहीं अगले 8 अक्टूबर तक राज्यभर में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने बताया है कि राज्य में 3 और 4 अक्टूबर को राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है वहीं राज्य के कई जिलों में भारी बारिश होने की बात कही है जिसमें सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा समेत कई जिलों के नाम शामिल हैं इन हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात की भी संभावना है जिले को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले 8 अक्टूबर तक मौसम का ऐसा ही मिजाज बने रहने की संभावना है। विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे, कहा

# जल्द कई विभागों में बड़ी संख्या में होंगी नियुक्तियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो से लगातार विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्ति हो रही हैं। आने वाले दिनों में शिक्षक सहित विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की जानी है। राज्य सरकार ने डीएसपी, बीडीओ, सीओ सहित राज्य में पहली बार खेल पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, लैब साइंटिस्ट की भी नियुक्तियां की हैं। राज्य बनने के बाद पहली बार जेपीएससी की नियमावली बनी। इससे पहले जो भी बहाली होती थी, वह कोर्ट-कचहरी के चक्कर में फंस जाता था। हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत झारखंड नगरपालिका सेवा के 47 सहायक अभियंता (असैनिक /यांत्रिक/विद्युत) तथा वाणिज्य-कर विभाग अंतर्गत लिपिकीय सेवा संवर्ग के



46 निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में नौजवानों को मिल रहा ऑफर लेटर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ हमने निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में स्थानीय युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। ये रोजगार जाने-माने औद्योगिक समूहों में मिला है। हमारी सरकार ने राज्य में स्थापित औद्योगिक सेक्टरों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी मिले, इस बाबत नियम बनाए हैं। इससे अब झारखंड के युवक-युवतियों के लिए बड़ी संख्या में रोजगार सृजन का रास्ता साफ हुआ है। राज्य के कई जिलों में रोजगार मेला लगाकर कहीं 10 तो कहीं 12 हजार युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना शुरू करने का निर्णय इसलिए लिया क्योंकि, इस राज्य के बुजुर्गों विधवाओं और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा दे सकें। सामाजिक सुरक्षा यदि समाज के अंदर नहीं है तो विकसित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अलग पहचान के रूप में झारखंड अपने आप को खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि वित्त प्रबंधन में हम गुजरात से भी आगे हैं और देश के पांचवें राज्य में हम शुमार हैं। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों से कहा कि अब आप सरकार के अभिन्न अंग बन शेष पृष्ठ 11 पर

## हेमंत सोरेन से ईडी की पूछ-ताछ आज, याचिका पर नजर

### रांची जमीन घोटाले में आज होनी है पूछताछ

**रांची।** रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पांचवें समन पर पूछताछ की पूरी तैयारी ईडी ने की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पांचवें समन में ईडी ने उन्हें बुधवार को दिन के 10.30 बजे उपस्थिति का नोटिस दिया है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को सीएम को एक सरकारी कार्यक्रम में शरीक होने पलामू जाना है। इससे पहले चार अक्तूबर को सीएम के देवघर का कार्यक्रम तय था, लेकिन वह कार्यक्रम रद किया जा चुका है। वहीं पूरे मामले में सीएम की तरफ से ईडी के अधिकारों को चुनौती देने वाली याचिका पर सबकी नजर है।




**बरियातू जमीन को लेकर सीएम को किया गया है समन :** बड़गाई अंचल के बरियातू इलाके में एक ही बाउंड्री में 8.50 एकड़ जमीन को लेकर सीएम हेमंत सोरेन से ईडी पूछताछ करना चाहती है। इन जमीन से जुड़े कागजात गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के मोबाइल फोन से मिले थे। मोबाइल फोन में मिले दस्तावेजों के आधार पर ही ईडी ने जमीन की जांच शुरू की थी। इस मामले में गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक और बड़गाईं अंचल के तत्कालीन सीओ का बयान भी ईडी ने दर्ज किया था, जिसके बाद एजेंसी ने मुख्यमंत्री को समन किया था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री को उपस्थिति का पहला समन 14 अगस्त, दूसरा समन 24 अगस्त, तीसरा समन 9 सितंबर और चौथा समन 23 सितंबर की तारीख के लिए भेजा गया था। समन को पहले सुप्रीम कोर्ट में और अब हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

### राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलनः स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, बोले

## लोकतंत्र के ध्वजवाहक हैं भारत व घाना

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि भारत और घाना विश्व में लोकतंत्र के ध्वजवाहक हैं। विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ विश्व का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा संसदीय राष्ट्रों का गठबंधन है। पूरे विश्व में संसदीय व्यवस्था को और कारगर व लोक हितकारी बनाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। बता दें कि स्पीकर रबींद्रनाथ महतो 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में भाग लेने को लेकर घाना की राजधानी अक्रा के छह दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने भारत घाना कोफी अन्नान सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र पर अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। छह दिवसीय दौरे के क्रम में वे तीन विषयों पर वक्तव्य देंगे। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि जहां एक ओर भारत महात्मा गांधी के विचारों की अलख पूरी दुनिया में जगा रहा है, वहीं दूसरी ओर क्वामे नक्रुमा द्वारा स्थापित लोकतंत्र को घाना के चौथे गणराज्य में मजबूती से आगे बढ़ाया जा रहा है। हालांकि कुछ समय के लिए सैन्य शासन द्वारा घाना में शेष पृष्ठ 11 पर

### विधायक समरी लाल के जाति प्रमाणपत्र से जुड़े मामले की हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण मामले में सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा समरी लाल के मामले में अंतिम आदेश पारित नहीं करने के आदेश को बरकरार रखा है।मामले की अगली सुनवाई पांच दिसंबर को होगी। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। विधायक समरी लाल के अधिवक्ता एसडी संजय ने कोर्ट से समय की मांग की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता कुमार हर्ष ने भी पक्ष रखा। सुरेश बैठा के अधिवक्ता विभाष सिन्हा और अविनाश कुमार ने पक्ष रखा। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मामले में अंतरिम आदेश देते हुए कहा था कि राज्य जाति छानबीन समिति की जांच कांके विधायक समरी लाल के मामले जारी रहेगी।

## भौतिकी के नोबेल 2023 पुरस्कार का ऐलान, तीन वैज्ञानिकों को मिला सम्मान




**नई दिल्ली।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को प्रकाश की अत्यंत छोटी तरंगों के साथ इलेक्ट्रॉनों की दुनिया की खोज के लिए भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया। 2023 का यह नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल'हुलियर को दिया गया है।अवॉर्ड उन प्रायोगिक तरीकों के लिए दिया गया, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न किए गए। इलेक्ट्रॉनों की दुनिया में, एटोसेकंड के कुछ दसवें हिस्से में परिवर्तन होते हैं, एक एटोसेकंड इतना छोटा होता है कि एक सेकंड में उतने ही परिवर्तन होते हैं जितने ब्रह्मांड के जन्म के बाद से हुए हैं। लॉरेंट्स के प्रयोगों ने प्रकाश के इतने छोटे स्पंदन उत्पन्न किए हैं कि उन्हें एटोसेकंड में मापा जाता है, इस प्रकार यह प्रदर्शित होता है कि इन स्पंदनों का उपयोग परमाणुओं और अणुओं के अंदर प्रक्रियाओं की तस्वीरें प्रदान करने के लिए किया जा सकता है। अकादमी ने एक बयान में कहा, भौतिकी 2023 में तीन नोबेल पुरस्कार विजेताओं को उनके प्रयोगों के लिए मान्यता दी जा रही है, जिन्होंने मानवता को परमाणुओं और अणुओं के अंदर इलेक्ट्रॉनों की दुनिया की खोज के लिए नए उपकरण दिए हैं। पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल'हुलियर ने प्रकाश की बेहद छोटी पल्स बनाने का एक तरीका प्रदर्शित किया है, जिसका उपयोग उन तेज प्रक्रियाओं को मापने के लिए किया शेष पृष्ठ 11 पर

### बिहार के जातीय गणना की रिपोर्ट आने के बाद

# झारखंड में भी उठ रही मांग, नफा-नुकसान पर छिड़ी बहस

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिहार सरकार ने महात्मा गांधी की जयंती के दिन जातीय गणना रिपोर्ट जारी कर दिया है । बिहार के इस जातीय सर्वे के बाद झारखंड में जातीय गणना की मांग तेज हो गई है। कांग्रेस, राजद और एनडीए का घटक दल आजसू ने भी इसकी पूरजोर सिफारिश की है। आने वाले दिनों में जातीय गणना को लेकर झारखंड में भी मांग तेज होगी। वैसे पहले भी झारखंड बनने के बाद से ही आबादी के हिसाब से पिछड़ों को कम आरक्षण का मामला उठता रहा है। लिहाजा, झारखंड में जातीय गणना की जरूरत को आजसू, राजद और कांग्रेस जोरशोर से उठाती रही है। वहीं भाजपा और सत्ता का नेतृत्व कर रही झामुमो इसकी पैरवी तो करती है लेकिन उत्साह नहीं दिखाती। वैसे रिपोर्ट जारी होते ही, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में 6 अक्टूबर को सुनवाई होनी है। अब सवाल है कि बिहार का जातीय सर्वे झारखंड की राजनीति पर किस तरह का असर डाल सकता है। क्या यहां भी जातीय सर्वे कराने का सरकार पर दबाव बढ़ेगा। किस पार्टी को इसका फायदा मिल सकता है। जब जाति आधारित ही राजनीति होनी है तो फिर जाति-पात से बाहर निकलने की बात क्यों की जाती है। इसको राजनीति के जानकार और ओबीसी के हक की बात करने वाले किस रूप में देखते हैं।

जानकारों के मुताबिक जातीय सर्वे से जातीय गोलबंदी बढ़ेगी। जाति आधारित छोटी-छोटी पार्टियां पनपेंगी जो बार्गेनिंग करेंगी। उन्होंने यूपी में ओपी राजभर के स्टैंड का हवाला दिया। जातीय गोलबंदी हमेशा से रही है। लेकिन लालकृष्ण आडवाणी ने केंद्र में वीपी सिंह की सरकार से समर्थन वापस लेकर गिरा दिया था। उसी समय मंडल-कमंडल खूब सुर्खियों में आया था। दरअसल, पार्टियां जाति आधारित वोटर को लुभाती रहती हैं। लेकिन ऐसा नहीं कि वोटर सिर्फ जाति के नाम पर ही वोट देता है। क्योंकि पार्टियां अपने आधार पर गणना कर उम्मीदवार देती हैं। उन्होंने कहा कि इस सर्वे से कोई बड़ा उलट पुलट हो जाएगा, ऐसा नहीं लगता। जानकारों का कहना है कि झारखंड में आदिवासी बहुलता है। उनके साथ कुर्मी भी पुरातन कारणों से जुड़े हुए हैं। लिहाजा, ट्राइबल की राजनीति करने वाली झामुमो को फायदा होगा। क्योंकि कुर्मी को एसटी का दर्जा देने की मांग को लेकर आए दिन आंदोलन किए जा रहे हैं। इससे ट्राइबल की हकमारी होगी। इसकी वजह से ट्राइबल की गोलबंदी बढ़ेगी। शिबू सोरेन की इस समाज पर पकड़ है। लिहाजा, अपनी हकमारी की संभावना रोकने के लिए ट्राइबल झामुमो के लिए इंटैक्ट होंगे। इसका झारखंड में भाजपा के वोटबैंक पर असर पड़ेगा। क्योंकि भाजपा हिंदू बनाम अल्पसंख्यक की राजनीति को आगे बढ़ा रही है। बिहार में हुए कास्ट सर्वे के मुताबिक 14.26 प्रतिशत आबादी के साथ यादव जाति टॉप पर है। दूसरे नंबर एससी कोटे की दुसाध जाति की आबादी 5.31 और रविदास की आबादी 5.2 प्रतिशत है। वहीं धर्म के आधार पर मुस्लिमों का प्रतिशत 17.70 है। यही वो फॉर्मूला है जिसे लालू यादव सबसे पहले समझे थे और माई समीकरण के साथ सत्ता में बने रहे। लेकिन वक्त के साथ ओबीसी वोट बैंक को भाजपा ने अपनी ओर कर लिया। 2019 के चुनाव के वक्त सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक शेष पृष्ठ 11 पर

## दिल्ली में गिरफ्तार किए गए तीन आतंकियों में दो झारखंड निवासी

### सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां अलर्ट

**रांची।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को आईएसआईएस के जिन तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था, उनमें दो झारखंड के रहने वाले हैं। दोनों ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। इनमें शाहनवाज आलम एनआईए का मोस्ट वांटेड था और उस पर तीन लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह हजारीबाग शहर के पगमिल-पेलावल का रहने वाला है। दूसरा आतंकी रिजवान अशरफ झारखंड के गढ़वा का रहने वाला है। इनकी गिरफ्तारी की खबर उनके होमटाउन पहुंची तो हर कोई सन्न रह गया। दोनों के परिजनों में कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है। इसके पहले 19 जुलाई को एनआईए ने झारखंड के लोहरदगा से आईएसआईएस के एक अन्य आतंकी फैजान को गिरफ्तार किया था। ढाई महीने के दौरान आईएसआईएस से जुड़े झारखंड के तीन युवकों की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। झारखंड में इनसे जुड़े लोगों के कांटैक्ट्स खंगाले जा रहे हैं। आशंका है कि इन्होंने राज्य में कई अन्य युवाओं को संगठन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जोड़ रखा है। लोहरदगा के फैजान से पूछताछ के आधार पर एनआईए ने बीते दिनों देश के अलग-अलग राज्यों में छापामारी की थी। उससे मिली जानकारी के आधार पर एनआईए ने आईएसआईएस के लिए काम करने वाले मध्य प्रदेश के देवड़ा निवासी राहुल शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### मरांडी के कार्यक्रम में आने को लेकर ग्रामीणों को मिला निमंत्रण

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में लगातार मुसलाधार बारिश के बीच भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के हुसैनाबाद में बुधवार को आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है। उनके संकल्प यात्रा में अधिक अधिक लोगों की भागदारी सुनिश्चित कराने के लिये कार्यकर्ताओं को काफिला मंगलवार को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर ग्रामीणों सहित कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में आने के लिये निमंत्रण पत्र बांटा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वर्तमान बारिश के बावजूद पतरा कला, पतरा खुर्द, सहित अन्य गांवों में भ्रमण कर लोगों से हालचाल लेने के बाद बुधवार को संकल्प यात्रा में आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चार अक्टूबर को हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूरी मैदान में अपराह्न दो बजे बाबूलाल मरांडी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद उनके आवास पर लोगों से सीधा संवाद के अलावा प्रेसवार्ता भी वे करेंगे।

### विशेष ग्राम सभा के माध्यम से कई योजनाओं का चयन

**विश्रामपुर।** उंटारी रोड प्रखंड के जोगा पंचायत सचिवालय हॉल में विशेष ग्राम सभा का अयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया कमला देवी ने किया। विशेष ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत के विकास हेतु कई योजनाओं का भी चयन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव मुन्ना कुमार सिंह, रोजगार सेवक कुंदन ठाकुर, उपमुखिया रूपेश कुमार सिंह, पंसस प्रतिनिधि काशीनाथ चौधरी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी नहीं दे रहा पेय जल विभाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** सरकार की कार्यशैली में पारदर्शिता लाना, जवाबदेही बढ़ाना, और भ्रष्टाचार को रोकना तथा हमारे लोकतंत्र को सही मायने में लोगों के लिए कार्य करने वाला बनाने के उदेश्य से ही सरकार ने आरटीआई कानून बनाया है। परंतु सरकारी बाबू अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए आरटीआई के नियमों की जम कर धजियाँ उड़ा रहे हैं,



पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता मोहम्मद सफी ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन देकर उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में विभाग द्वारा हो रहे पेय जल हेतु बोर संबंधी सूचना की मांग की थी, विभाग द्वारा ससमय जानकारी नहीं देने पर सफी ने प्रथम अपील किया था। अपीलीय पदाधिकारी के आदेश के बाद भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराकर, पेय जल विभाग के सहायक अभियंता ने दिग्भ्रमित करने के उदेश्य से पैसों का माँग की है। मिली जानकारी के अनुसार पेय जल विभाग द्वारा प्रखंड क्षेत्र में जो बोर किया जाना था उसके मानक के अनुसार बोर नहीं कराया गया है।

## सीएम के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक, तैयारियों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के पलामू आगमन को लेकर सदर बीडीओ-सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की।बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को मेदिनीनगर आ रहें हैं।मुख्यमंत्री चियांकी के गणके में मेधा डेयरी प्लांट का उद्घाटन करेंगे।बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क दिए।उन्होंने भवन निर्माण के अभियंता को स्टेज की गुणवत्ता व चिंयाकी हेलीपैड पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।उप नगर आयुक्त को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये।मौके पर पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बारिश में गिरे दो घर, आशियाने की चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** प्रखंड में हो रही लगातार बारिश से मंगलवार को अलग-अलग गांव में दो कच्चा घर ध्वस्त हो गए हैं। जिसमें नौडीहा पंचायत में गडवट गांव प्रदीप कुमार बंसी पंचायत ग्राम बंसी मोड बलवंत पासवान के घर शामिल है । घर में रखे खाने पीने के सामान के अलावा कपड़ा बर्तन आदि का नुकसान भी हुआ है । घर गिरने से उक्त परिवार के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। भुक्त भोगियों ने मुआवजा व पीएम आवास का लाभ लेने की मांग की हैं।



### दीवार गिरने से 6 पशुओं की मौत

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम सेमरी के बर्फ फैक्ट्री के बगल में घर का दीवार गिर जाने से उपेंद्र पासवान एवं सत्येंद्र पासवान दो लोगो के पांच गर्भवती गाय और एक बंधा हुआ बैल की मौत घटना स्थल पर हो गई। सोमवार की रात्रि में लगातार बारिश होने के कारण अचानक दीवार गिरने से 6 पशु दबकर मौत के घाट चढ़ गए। इस घटना के जानकारी मिलते ही पाटन पश्चिम के जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह और संग्राम सिंह पहुंचकर घटनास्थल पर पशुओं का जायजा लिये। उसके बाद पशुपालन विभाग के कर्मचारी और अंचल के सीआई भी घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक पशुओं का जायेजा लिये। जिला परिषद संग्राम सिंह ने उपेंद्र पासवान एवं सत्येंद्र पासवान को आश्वासन दिया कि क्षति हुए पशुओं का मुआवजा दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर उपस्थित केल्हार मुखिया जैनुल सिद्दीकी विनोद प्रसाद अशोक सोनी एवं बहुत सारे ग्रामीण उपस्थित थे।

## बारिश से नारकीय स्थिति, नाली का गंदा पानी सड़क पर, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जल निकासी समस्या से नगर पंचायत क्षेत्र में बारिश के बाद विकट स्थिति बन गयी। जगह-जगह जलजमाव से गंदगी फैली दिखाई दे रही है। नपं क्षेत्र के अररुआ खुर्द स्थित शिव मंदिर, जामा मस्जिद, गुरुकृपा स्कूल रोड़, अररुआ मोड, मेन बाजार सहित आदि जगहो पर मंगलवार की सुबह बारिश हुई। वर्षा ने नगर पंचायत की स्थिति को बिगाड़ दिया। खासकर अररुआ खुर्द में गंदा पानी एकत्रित हो गया है जिससे जगह-जगह कीचड़ व गंदगी फैली गयी है। जिससे नारकीय स्थिति बन गयी है। स्थिति इतनी खराब हो गयी है कि घर से निकलना दूभर हो गया है। झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, सुशील कुमार सिंह, राजद के प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, लखन यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव आदि लोगों ने हरिहरगंज नपं पदाधिकारी और कर्मियों के प्रति रोष जताते हुए कहा कि नगर पंचायत के नाकामी से जल जमाव व गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे आज शहर के गलियों में निकलना मुश्किल हो गया है। शिव मंदिर में पूजा करने तथा जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने में भी लोगों को कीचड़ और गंदगी से गुजर कर जाना पड़ता है। स्थानीय जनप्रतिनिधि निष्क्रिय हैं। नगर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं। नालियों की सफाई न होने, कूड़ा पड़े रहने से दुर्गंध व मच्छरों की भरमार से संक्रामक रोग फैलने की आशंका बढ़ गयी है। उक्त लोगों ने नगर प्रशासन से जल्द जल निकासी समस्या और गंदगी से निजात दिलाने की मांग की है। नाराजगी जताने वालों में अशोक चौधरी, शिव दास, कृष्ण प्रसाद, विजय ,मुन्ना प्रसाद, मो खलील, मो कमाल आदि का नाम शामिल है।

## आयुक्त ने जलदाग मौजा के जंगल-झाड़ी भूमि के अवैध हस्तांतरण का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के आयुक्त मनोज जायसवाल ने लातेहार जिला अंतर्गत एनएच-75 पथ के किनारे जलदाग मौजा के 50 एकड़ भूमि को प्रथम दृष्टया जंगल-झाड़ किस्म का पाया है। मीडिया में प्रसारित खबर पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने 30 सितंबर 2023 को लातेहार अंचल के जलदाग मौजा के 50 एकड़ जंगल- झाड़ी किस्म भूमि के अवैध हस्तांतरण, नामांतरण के संबंध में स्थल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण में प्रथम दृष्टया उन्होंने अद्यतन तिथि तक जंगल -झाड़



किस्म का पाया। वहीं यहां घने वृक्ष एवं झाड़ इत्यादि उगे हुए हैं तथा इनके बीच से ही चारदिवारी का निर्माण कर गेट लगाया गया है जो विगत कुछ माह पूर्व ही लगाया गया प्रतीत हुआ। स्थल निरीक्षण के उपरांत आयुक्त ने लातेहार अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर भूमि से संबंधित अभिलेख व दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। आयुक्त ने लातेहार उपायुक्त को अपने स्तर से इसकी समीक्षा करते हुए संबंधित भू-खंडों के निबंधन एवं नामांतरण के संबंध में एक तार्किक आदेश पारित करने एवं उक्त आदेश के आलोक में निबंधन, नामांतरण के संबंध में अग्रेतर कर्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। विदित हो कि खतियान में गैरमजरूआ मालिक जंगल-झाड़ी किस्म के रूप में दर्ज भूमि के हस्तानांतरण एवं नामांतरण के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार व झारखंड सरकार के समय-समय पर निर्गत आदेशों से उपस्थित कर्मियों एवं पदाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा उनके अक्षरशः अनुपालन करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान लातेहार के अनुमंडल पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता शेखर कुमार, लातेहार अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, अंचल निरीक्षक उदल राम, राजस्व उप निरीक्षक मनोज बेक आदि उपस्थित थे।

## पलामू पहुंचे बाबूलाल मरांडी का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विजय संकल्प यात्रा के तीसरे चरण में बीजेपी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को पलामू पहुंचे है। जिले के पांकी प्रखंड के जोजो मोड़ पर पलामू की सीमा में पहुंचते ही पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा श्री मरांडी का ढोल नगाड़ों से जोरदार अभिनंदन किया गया। वहीं कार्यकताओं ने फूलमालों से उनका भव्य स्वागत किया। पलामू पहुंचकर सबसे पहले श्री मरांडी ने आदिवासियों के इष्ट देवता का नमन किया, तत्पश्चात उन्होंने कुंदरी में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जगतपुरवा मोड़ पर शहीद युगंबर दीक्षित की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। मौके पर पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी, पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, अजय तिवारी, प्रियरंजन कुमार,शैलेश सिंह व पिंकू सिंह सहित अन्य प्रमुख नेता एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गरीबों के निवाले पर डाका कार्डधारियों को नहीं मिल रहा हैं अनाज

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के जमुआ पंचायत के दर्जनों राशन कार्डधारियों ने मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीओ को एक लिखित आवेदन दिया। जिसमें पंचायत के डीलर भुनेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा अगस्त और सितंबर माह का राशन नहीं वितरण करने का आरोप लगाते हुए डीलर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। लाभुक जुगुल रजवार, अर्जुन रजवार, तेतरी देवी, समेत दर्जनों लोगों ने एसडीओ को दिये आवेदान में कहा है की डीलर द्वारा हुसैनाबाद गोदाम से राशन का उठाव कर लिया गया है। लेकिन हमलोगों का दो माह पूर्व पर्ची काट दिया गया है। जब राशन लेने जाते है तो आज कल देने की बात कह कर अभी तक राशन हमलोगों को नहीं दिया गया।

## स्वास्थ्य मेला का आयोजन, 12 सौ मरीज लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नीति आयोग, भारत सरकार के निर्देश पर मंगलवार को हरिहरगंज सीएचसी सहित प्रखंड के 7 स्वास्थ्य उप केंद्रों तथा 3 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में हेल्थ कैंप में स्वास्थ्य मेला लगाया गया। कैंप में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, डेंगू, मलेरिया, टीबी सहित अन्य रोगों के करीब बारह सौ मरीज स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित हुए। इससे पहले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में सभी स्वास्थ्य कर्मियों व टीवी चैंपियन मरीजों के साथ रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं सीएचसी में संपूर्ण स्वास्थ्य एक संकल्प कार्यक्रम का शुभारंभ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना तिवारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुशवाहा, चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ. उदय सिंह, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. विमलेश सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण सिंह, डॉ गोपाल प्रसाद, बीपीएम संजय कुमार सिंह, ब्लॉक मैनेजर राजकुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दी प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा पूरे देश में 351 जिले के 500 ब्लॉक को आकांक्षी प्रखंड के रूप में भारत सरकार द्वारा चिन्हित किया गया है। जिसमें पलामू जिले का एकमात्र प्रखंड हरिहरगंज शामिल है। उन्होंने कहा कि संकल्प सप्ताह के तहत यह कार्यक्रम किया गया। उन्होंने कहा कि 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक अलग-अलग विभागों के कई कार्यक्रम किए जायेंगे।

### गरीबों के राशन में कटौती बर्दाश्त नहीं : कमलेश

**हरिहरगंज।** प्रखंड के युवा सामाजिक कार्यकर्ता सह राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि डीलरों द्वारा गरीब राशन कार्डधारियों से पदाधिकारियों का हवाला देकर प्रति यूनिट डेढ़ से दो किलोग्राम राशन में कटौती बर्दास्त नहीं की जायेगी। इसकी शिकायत कई कार्डधारियों ने की हैं।

### पश्चिम बंगाल के कारीगर जोर-शोर से लगे हैं पूजा पंडाल के निर्माण में

## दुर्गा पूजा महोत्सव पर दिखेगा कोलकाता का दक्षिणेश्वर मंदिर

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस बार के दुर्गा पूजा महोत्सव में यहां कलकता का प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर मंदिर देखने को मिलेगा।दक्षिणेश्वर मंदिर के प्रारूप का पूजा पंडाल बनाने हेतु पश्चिम बंगाल से कारीगरों को बुलाया गया है।कारीगर पंडाल निर्माण हेतु पिछले पंद्रह दिन से जुटे हुए हैं।पूजा कमेटी की माने तो इस दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण में पांच से सात लाख रुपए का खर्च आयेगा।इससे पहले डंडीला खुर्द नवयुवक संघ की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में पुरानी पूजा कमेटी को भंग करते हुए नए पूजा कमेटी का गठन किया गया।



सर्वसम्मति से विष्णु शुक्ला उर्फ डुलडुल शुक्ला को कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं दीपक शुक्ला को उपाध्यक्ष, दिनेश शुक्ला व आलोक शुक्ला को सचिव, विभूति शुक्ला ,विकाश शुक्ला व शशिकांत शुक्ला को कोषाध्यक्ष, पुनीत शुक्ला व मंटू शुक्ला को संगठन मंत्री और पप्पू दुबे, प्रियांशु शुक्ला, नीरज शुक्ला व सोनू शुक्ला को चंदा प्रभारी बनाया गया। जबकि प्रो नंदलाल शुक्ला, ब्रजकिशोर शुक्ला, शुशील शुक्ला, अरविंद शुक्ला, राशाविहारी शुक्ला, हेमेंद्र शुक्ला, राजेश शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, देवनारायण दुबे और चंचल शुक्ला को कमेटी के संरक्षक मंडली में शामिल किया गया है। इसके अलावा 51 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया। यहां बताते चलें कि डंडीला खुर्द नवयुवक संघ का दुर्गा पूजा महोत्सव बिश्रामपुर नगर परिषद का सबसे भव्य आयोजन माना जाता है।

### डुमरी भुईयां टोला आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लटका

**मनातू।** जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र डुमरी पंचायत ग्राम डुमरी मे दिन मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमिता बरतने का मामला यह आज की बात नहीं है यह सेंटर महीना में कभी-कभी ही खुलता है। आपको बता दे की आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का समय 8:00 बजे और बंद करने का समय 11 बजे है। यह टाइम निर्धारित समय किया गया है। परंतु सेविका पालो देवी के द्वारा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और सेविका अपने अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र खोल तथा बंद निर्णय टाइम पर उपस्थित नहीं है । ग्रामीणों ने बताया की आंगनबाड़ी केंद्र में 1:00 बजे बंद करने के बजाय 10:00 बजे ही आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लटका हुआ पाया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई-निविदा संख्या – 11/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 23.09.2023 जिसे PR 307717 Rural Development (23-24)_D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, को अपरिहार्य कारणवश निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है –

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.10.2023
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रा0का0वि0, झारखण्ड, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक 17.10.2023 अपराह्न 03:30 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.10.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 308163 (Rural Development)23-24*D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA-835207,**
E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in

Letter No. -Gumla, Dated:-
**e-Procurement Notice**
E-Tender Reference no. - RCD/Gumla /949 Dated :- 30.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Balance Work of HL Bridge Approach road work including guard wall cum Toe wall for the work of HL Bridge over Lohari River at Ch-2.665 km , ch-17.855km of upper Khaman - jora jam (Dibdobhi) RCPLWEA/BRIDGE |
| 2 | प्राक्कलित राशि | Rs.3,02,99,443.00 (Three Crore Two Lakh Ninety Nine Thousand Four Hundred Fourty Three Only) |
| 3 | बीड सिक्युरिटी (राशि) | Rs.757500.00 |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | One year (12 month) |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.10.2023 from 10.30 A.M. |
| 6 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23-10-2023 upto 12.00 Noon |
| 7 | निविदा खुलने का तिथि एवं समय | 25-10-2023 at 12.30 P.M. |
| 8 | निविदा खुलने का स्थान | Chief Engineer (Com)cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, RCD, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004. |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गुमला। |
| 10 | ई-मेल | eercdgumla-jhr@nic.in |
| 11 | ई-प्रोक्यूरमेंट सेल का सहायता दूरभाष संख्या | 0651-2401010 |

Note: Estimated amount may vary.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders. gov.in

SD/-
Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Gumla

PR.NO.308240 Road(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा पद्मा दूबे, गांगी, तोलरा, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा राज्य सम्पोषित योजना अन्तर्गत गेट नं0 06 से केरवा भाया आदर्श नगर मुख्य पथ तक पथ का निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 23.10.2019 एवं कार्य पूर्णता की तिथि 22.10.2020 था, परन्तु उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बे समय से बन्द रखा गया है, जिसकी सूचना इस कार्यालय से निबंधित पत्र का पत्रांक 1300 दिनांक 12.11.2022 एवं 761 दिनांक 04.06.2022 तथा प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 936 दिनांक 12.08.2022 द्वारा सूचना देने के बावजूद भी आपके द्वारा अवशेष कार्य को पूर्ण नही कराये जाने के कारण दिनांक 24.11.2022 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा उक्त कार्य का एकरारनामा को बन्द करने का प्राप्त निर्देश के अनुपालन में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया गया था कि आपके द्वारा कराये गये कार्य का अंतिम मापी दिनांक 25.09.2023 को संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा किया जायेगा, जिसमें उक्त तिथि को आपके प्रतिनिधि या आप स्वयं उपस्थित रहें कि सूचना देने के बावजूद भी आपके प्रतिनिधि या आप अंतिम मापी के समय उपस्थित नहीं थे।

अतः दिनांक 25.09.2023 को कनीय अभियंता द्वारा ली गई अंतिम मापी पर ही आपके एकरानामा को बन्द करते हुए एकरारनामा विखण्डित करने की कार्रवाई की जा रही है, इस संबंध में आपको यदि अपना कोई तथ्य प्रस्तुत करना है तो सात दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करे, अन्यथा एकरारनामा को विखण्डित करते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी, जिसकी सारी जिम्मेवारी आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 308157 (Rural Development) 23-24 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय)गढ़वा**

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प-2023 सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वाधान में दिनांक-06.10.2023 (दिन-गुरुवार ) को पूर्वाह्न-11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प-2023" आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:-

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Spandana Sphoorty Financial Limited, Garhwa | Loan Officer | 20 | 12th Pass | Bike with DL | Fresher | 18-28 year | 12,000/-, Fuel + Incentive | Job Location Garhwa, Palamu |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट –www.rojgar.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर लें। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे हैं। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

नोट–निजी नियोक्ता कृपया, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 308133 (Labour Employment and Traning)23-24*D

## गागर में सागर

### दो ट्रक की टक्कर में खलासी घायल

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दो ट्रक की टक्कर में खलासी तौसीफ खान उम्र 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 10:00 बजे हरिहरगंज थाना अंतर्गत दो ट्रक की टक्कर हो गई। जिसमें रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडी निवासी तौसीफ खान गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी हरिहरगंज थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।जहां इलाज के बाद खलासी तौसीफ खान खतरे से बाहर है। वहीं घटना के बाद पुलिस दोनों ट्रक को कब्जे में लेकर उसे थाना ले गई हैं।

### पांडू में डालसा ने निकाली जागरूकता रैली

**मेदिनीनगर।** पलामू पांडू प्रखंड में डालसा के आदेशानुसार डालसा के अधीन पीएलभी श्रीकांत तिवारी एवं प्रधानाध्यापक अमरदीप केरकेट्टा की अध्यक्षता में बालिका विद्यालय के बच्चियों के द्वारा जागरूकता अभियान की रैली पांडू बाजार में निकाली गई। बच्चों को आजकल घर में एवं घर से बाहर भी प्रताड़ित किया जा रहा है । बच्चों को प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है । जागरूकता अभियान के तहत बच्चियों ने बैनर के साथ रैली निकाली एवं नारे भी लगाए एवं बाल श्रम बंद करो ,बाल प्रताड़ना बंद करो ,बाल विवाह बंद करो, बेटा-बेटी एक समान ,बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करो के नारे लगाये। मौके पर आदेश पाल अरविंद कुमार ,करण बाक्से, राजीव रंजन, विनय कुमार पाठक कमलकांत आर्य एवं विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### सफाई से घरों में लक्ष्मी का होता है आगमन व प्रदूषण रूकता है : कौशल

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्नन पर राष्ट्रव्यापी प्रदूषण मुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल और एमके डीएवी विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी, एन खान के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक एन,सी, सी कैडेट्स, भारत स्काउट एंड गाईड्स के सदस्य और रेलवे स्टेशन परिवार ने मिलकर स्टेशन परिसर की सफाई की। मौके पर कौशल ने कहा कि साफ सफाई रखने के लिए सभी देशवासियों को इस अभियान में शामिल होने की जरूरत है। तभी इस अभियान की सफलता सार्थक होगी। घर परिसर की सफाई होने से न सिर्फ लक्ष्मी की आगमन होती है बल्कि प्रदूषण कम करने में भी काफी मदद मिलती है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ, जी.एन.खान ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि साफ सफाई केवल शारीरिक नहीं बल्कि आत्मिक चेतना है। जो हमें देवत्व की तरफ अग्रसर करता है। हमें इस कार्य को केवल एक दिन नही बल्कि अपनी दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है।

### राज्य का सातवां प्लांट होगा मेधा डेयरी मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट

# 28 करोड़ की लागत वाले इस प्लांट से 25 हजार से अधिक पशुपालकों को होगा फायदा

## प्रतिदिन 50 हजार लीटर दूध की होगी प्रोसेसिंग, भविष्य में एक लाख तक बढ़ाई जा सकती है क्षमता



### तकनीक के माध्यम से गुणवत्ता होगी बेहतर

### केमिकल मुक्त होंगे उत्पाद, हिटिंग एवं कुलिंग विधि से दूध रहेगा संरक्षित : एमडी

नवीन मेल सवांददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय मुख्यालय के समीप गणके गांव में करीब 28 करोड़ की लागत से स्थापित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन 4 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख , योजना सह वित्त विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव, मेधा डेयरी प्लांट के एमडी सुधीर कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। 5 एकड़ की भूमि पर पलामू में स्थापित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। दूध का प्रोसेसिंग से लेकर पैकेजिंग की बेहतर सुविधा है। उद्घाटन के उपरांत मेधा नाम से उत्पाद बाजार में उपलब्ध हो जायेंगे। मेधा डेयरी प्लांट से पलामू प्रमंडल के 25 हजार से अधिक पशुपालक किसान भाईयों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में यहां दूध की पैकेजिंग होगी। भविष्य में यहां दही, पनीर, लस्सी, पेड़ा, राबड़ी एवं गुलाब जामुन का निर्माण कर बाजार में उतारा जायेगा। पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है। इसके पूर्व से रांची, देवघर, कोडरमा, लातेहार, सारठ एवं साहिबगंज में प्रोसेसिंग प्लांट कार्यशील है।

### झारखंड मिल्क फेडरेशन करेगा संचालन

मेधा डेयरी प्लांट के एमडी सुधीर कुमार ने बताया कि पलामू में स्थापित डेयरी प्लांट का संचालन झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा किया जायेगा। प्लांट तकनीक से लैस है। कच्चा एवं प्रोसेस दूध को स्टोरेज करने के लिए 4 मिल्क सायलो लगाया गया है। प्रत्येक की क्षमता 20-20 हजार किलो लीटर की है। वहीं 5 हजार लीटर क्षमता की पास्तुराइजर लगे हैं, जो दूध में व्याप्त अनावश्यक तत्वों को नष्ट करने का कार्य करेगा। वहीं 5 हजार लीटर क्षमता की क्रीम सैपरेटर लगे हैं, जिसके माध्यम से दूध के क्रीम को अलग किया जायेगा। वहीं 5 हजार लीटर क्षमता की होमोनाइजर लगे हैं। यहां से संतुलित दूध निकलेगा। सैपरेटर एवं होमोनाइजर के माध्यम से दूध की गुणवत्ता का विकास होगा। इसके अलावा अमोनिया रेफ्रिजरेटर प्लांट लगे हैं, जिसके माध्यम से दूध को ठंडा किया जायेगा। इसके अलावा दो हजार किलोग्राम प्रति घंटा क्षमता की दो ब्वॉयलर लगे हैं। इससे दूध को गर्म करने की व्यवस्था की गयी है। दूध को 80 डिग्री तापमान पर गर्म करने का प्रावधान है, इसके बाद 4 डिग्री तापमान पर उसे ठंडा किया जाता है, ताकि दूध व्याप्त स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले बैक्ट्रिया को समाप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि मेधा डेयरी प्लांट की स्थापना से पलामू प्रमंडल के युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। प्लांट एंड प्रोडक्ट हेड उमाशंकर सिंह ने बताया कि डेयरी प्लांट से दूध प्रोसेसिंग के संपूर्ण ट्रायल पूरा कर लिया गया है। उद्घाटन के बाद प्रोसेस किया हुआ दूध बाजार में उतरेगा।

### खाद्य सुरक्षा का विशेष ध्यान

प्रोसेसिंग प्लांट में खाद्य सुरक्षा का विषेष ध्यान रखा गया है। बैच को स्ट्रेलाइज्ड करने का विशेष प्रबंध है। वहीं कोल्ड चेन को मेंटन करने के लिए इंसुलेटेड एवं रेफ्रिजरेटेड वाहनों की व्यवस्था की गई है। वहीं अपग्रेटेड लेबोरेटरी है, जिसके माध्यम से गुणवत्ता के हरेक पैरामीटर की जांच कर दूध का संग्रह किया जाता है और उसे बाजार तक पहुंचाया जाता है। डेयरी प्लांट केमिकल रहित है। दूध को हिटिंग एवं कुलिंग के माध्य से तैयार किया जाता है।

### 15 दिनों से बीमार 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**मेदिनीनगर।** 15 दिनों से बीमार 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी आनंद कुमार चौधरी का पुत्र आदर्श कुमार उम्र 10 वर्ष की 15 दिनों से तबीयत खराब होने की वजह से मौत हो गई। इस संबंध में मृतक की मां ने बताया कि मेरे पति आनंद चौधरी का दूसरी औरत के साथ अवैध संबंध होने की वजह से लापरवाही में हमारे बेटे की मौत हुई है। मृतक की मां ने बताया कि हम दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद हम अपने दो बेटों के साथ कुछ माह से मायके रेहला थाना क्षेत्र घुघुआ गांव रहते हैं। इसी बीच 15 दिनों से हमारा बड़े बेटे आदर्श कुमार की तबीयत अचानक खराब गयी। तबीयत खराब होने की सूचना हमने अपने पति आनंद चौधरी को भी दी। लेकिन उसने हमारे बच्चे का इलाज कराने से इनकार कर कर दिया। मंगलवार को हम अपने बच्चे को लेकर इलाज के लिए डॉक्टर के पास गए तो डॉक्टर ने बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही अचानक हमारे बेटे आदर्श कुमार की तबीयत खराब हो गई तो मैं उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर गई। जहां इलाज के दौरान हमारे बेटे की मौत हो गई।

## मनरेगा में जेसीबी का उपयोग, ग्रामीणों ने किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत कौडिया में मुखिया के द्वारा मनरेगा कार्य के तहत जेसीबी मशीन से सड़क निर्माण कराया जा रहा है। इस वजह से मनरेगा के तहत आने वाले मजदूर को काम नहीं मिल पा रहा है। मजदूरों और स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय मुखिया अंजना सिंह के द्वारा सड़क निर्माण में जेसीबी मशीन लगाकर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जो गलत है। सड़क निर्माण कार्य से यहा के स्थानीय ग्रामीण काफी नाराज है। बताते चलें कि पलामू जिला अंतर्गत सदर प्रखंड के कौडिया तेलीयाबांध में पंचायत द्वारा मनरेगा योजना के तहत महेंद्र मेहता के घर से पूर्वी केबिन चियांकी तक मिट्टी मोरम द्वारा पथ निर्माण कराया जा रहा है। इस सड़क निर्माण में मजदूरों के जगह जेसीबी मशीन से कार्य कराया जा रहा हैं। यहां के स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कौड़िया पंचायत के मुखिया अंजना सिंह,पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिली भगत से सड़क का निर्माण जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है। जहां सरकार मजदूरों को काम देने को हमेशा कटिबद्ध है। वहीं इन लोगों के द्वारा सड़क निर्माण में जेसीबी मशीन का उपयोग कर मजदूरों का रोजी-रोटी छीन रहे हैं। सड़क निर्माण में जेसीबी मशीन का इस्तेमाल होने को लेकर ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत पलामू उपायुक्त से की है। शिकायत करने वाले में मोनू अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।

## डीसी के जनता दरबार में ग्रामीणों को मिला समस्याओं का समाधान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आई समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कोआखोह के ग्रामीण जनता ने उपायुक्त से नाली एवं सर्विस रोड की निर्माण कराने का अनुरोध किया। मेदिनीनगर के नावाटोली निवासी नुरेशा खातून ने उपायुक्त से विधवा पेंशन दिलाने का अनुरोध की। पंडवा प्रखंड क्षेत्र के मुरमा गांव निवासी सागर ठाकुर ने पशु शेड निर्माण की राशि दिलाने का अनुरोध किया। मनातू प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम बुधमडीह निवासी शारदा देवी ने उपायुक्त से प्रधामनंत्री आवास योजना का लाभ देने का अनुरोध की। रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम झगरूआ निवासी महबूब अंसारी ने उपायुक्त से राशन कार्ड में नाम जुड़वाने का अनुरोध किया। मंगलवार के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये।






## गागर में सागर

### प्रखंड प्रमुख ने रालेगण सिद्धि में प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे से की मुलाकात



**सगमा।** प्रखंड प्रमुख अजय साह सोमवार को देश के प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे से उनके आवास अहमदनगर के रालेगण सिद्धि में भेंट की। इस दौरान प्रमुख ने उन्हें उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बता दें कि राज्यस्तरीय जनप्रतिनिधियों का दल चार दिवसीय एक्पोजर विजिट में महाराष्ट्र का पुणे पहुंचा हुआ है। इस टीम में सगमा प्रमुख सहित अन्य राज्य के विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख शामिल हैं। अन्ना हजारे के आवास में जनप्रतिनिधियों के पहुंचने पर अन्ना हजारे ने जनप्रतिनिधियों को समाजसेवा के कई टिप्स दिये। अन्ना हजारे ने प्रमुखों से कहा कि जनता की सेवा करना है तब चुनाव मत लड़िए। स्वतंत्र रहकर जनता की सेवा कीजिए। उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति में शामिल करने के लिए विभिन्न दलों के नेता उनसे मिले, परंतु वे किसी भी दल में शामिल नहीं हुए। वे स्वतंत्र रूप से समाजसेवा का कार्य करते रहे। पुनः टीम ने रालेगण सिद्धि के विभिन्न स्थानों को देखा और प्रखंड के विकास के कई गुर सीखे। टीम में गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक के अलावा मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष श्याम पाठक, झामुमो नेता भैरव प्रसाद वर्मा सहित कई लोग शामिल हैं।

### वज्रपात होने से एक मवेशी की मौत

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के चेचरीया गांव में मंगलवार को तेज बारिश के साथ हुईं वज्रपात की घटना में किसान देवेंद्र यादव की एक मवेशी की मौत हो गई। किसान देवेंद्र यादव मवेशियों को चारा खिलाकर घर के पास ही बांधे थे। इसी दौरान घर के समीप एक पेड़ पर तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुई, जिसमें एक मवेशी की मौत हो गई। किसान ने मुआवजे की मांग की है।

### वज्रपात में मवेशी की मौत, व्यक्ति घायल

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के अधोरा के घूरघुटी के पास वज्रपात की चपेट में आने से एक मवेशी कि मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पंडरिया पंचायत निवासी विजय यादव अधौरा के घूरघुटी के पास भैंस चरा रहे थे कि वज्रपात की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। वहीं घूरघुटी के पास भेड़ चरा रहे गोपाल पाल वज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गया। उसे परिजनों ने सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### आकांक्षी प्रखंड के तहत लगा हेल्थ कैंप



**महुआडांड़।** नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सम्पूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बरैदौनी, नेतरहाट, हामी,चटकपुर, परहाटोली, सेम्बरबुढ़नी और बांसकरचा उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया था। इसमें 552 मरीजों का पंजीकरण किया गया। शिविर में टीबी, कुष्ठ आदि बीमारी की जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.अमित खलखो ने बताया कि शिविर में सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधा मरीजों उपलब्ध कराई गई।

### साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतें सुनी एवं समाधान को आश्वासन दिया। इस दौरान नवागढ़ ग्राम निवासी तोरण देवी ने प्रधानमंत्री योजना के तहत आवास निर्माण की मांग की। वहीं मनिका प्रखंड के मतलौंग ग्राम के निवासियों ने टोला माड़ादाग में सड़क न होने की वजह से हो रही परेशानियों से उपायुक्त को अवगत कराते हुए सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। जनता दरबार में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य रूप से सेविका चयन, सड़क निर्माण, रोड निर्माण, प्रधान मंत्री आवास, जमीन विवाद, रोजगार आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### बीडीओ को दिया प्रभावित किसानों की सूची सौंपने का निर्देश

# डीसी ने किया कांडी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों नारायणपुर, सोनपुरा सहित कई अन्य कई गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने गांव के किसानों द्वारा लगाए गए हजारों एकड़ में धान एवं अन्य फसलों की पंडी नदी की बाढ़ से हुए नुकसान का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने बताया कि बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जाएगा।

कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी को निर्देश दिया गया है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों के किसानों की सूची तैयार कर अविलंब रिपोर्ट दें ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। साथ ही वर्षा से कई गांव में लोगों के मकान ध्वस्त हो चुके हैं। कई लोग बेघर हो गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर तत्काल सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही बेघर लोगों को जांच कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। वहीं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित किसानों ने उपायुक्त



से अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि नारायणपुर गांव में पुल निर्माण से पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 27 लाख रुपये की लागत से डायवर्सन का निर्माण कराया गया था। पुल निर्माण पश्चात उक्त डायवर्सन को नहीं हटाने से आज हजारों एकड़ किसानों की धान की फसल डूब गई है। 10 से 15 फीट पानी जमा हो गया है। पूर्ण रूप से धान की फैसले बर्बाद हो गई। इस संबंध में निर्माण के संवेदक ने बताया कि अपने निजी खर्च से जेसीबी मशीन द्वारा डायवर्सन को तोड़कर पानी की निकासी कराई जा रही है ताकि किसानों फसल को बचाया जा सके। विदित हो कि सोमवार की सुबह पंडी नदी में बाढ़ आने से दर्जनों गांवों के सैकड़ों एकड़ में लगी धान, अरहर एवं मूंगफली तथा सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। लगातार तीन वर्षों से अकाल व सुखाड़ से जूझ रहे किसानों की कमर टूट गई है। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, प्रमुख सतेंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, सीआई जगरनाथ मांझी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ललन मेहता, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, अरुण दुबे, मुखिया प्रतिनिधि निरज कुमार सिंह, समाज सेवी सतेंद्र पाल, प्रदीप पाल आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### जन समस्याओं का निराकरण का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**




प्रखंड सह अंचल कार्यालय का उपायुक्त शेखर जमुवार ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड और अंचल कर्मियों की उपस्थिति पंजी जांच की। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ की उपस्थिति में सभी प्रखंड और अंचल कर्मियों से बारी-बारी से सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीआई को पीएम किसान का लैंड सीडिंग जल्द करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों और जानता की समस्याओं को भी सुना।

उन्होंने जनता की समस्याओं के जल्द निराकरण का निर्देश बीडीओ मुकेश मछुआ को दिया। उपायुक्त ने बताया कि निरीक्षण में प्रखंड और अंचल के सभी कर्मी उपस्थित मिले। पत्रकारों द्वारा पूछने पर कि जेएसएमडीसी द्वारा संचालित पाचाडुमर बालू घाट अक्सर बंद रहता है पर उपायुक्त ने कहा की 15 अक्टूबर के बाद एनजीटी के रोक हटाने पर सुचारु रूप से सोन नदी से बालू का उत्खनन एवं भंडारण कर बिक्री की जायेगी। इस मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, प्रमुख चंद्रावती देवी,उप प्रमुख शम्भू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे। उपायुक्त सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर में दर्शन पुजन कर मत्था टेका। उन्होंने गढ़वा जिले में खुशहाली की मां चतुभुर्जी से कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई की प्रशंसा की।

## जेएसएलपीएस के तत्वधान में हुई सीएलएफ की वार्षिक आमसभा




**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

पंचायत भवन में जेएसएलपीएस के तत्वधान में मंगलवार को खरौंधी एवं अरंगी सीएलएफ का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व उप प्रमुख गोरख नाथ चौधरी तथा समाजसेवी कृष्णा गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम में अरंगी एवं खरौंधी सीएलएफ के 505 सखी मंडल एवं 26 महिला ग्राम संगठन की महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम में वितीय वर्ष 2022 - 23 का दोनों सीएलएफ के आय व्यय का अंकेक्षण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद, बीपीएम मोनिका कुमारी, सीसी उमेश कुमार, सीसी प्रताप कुमार सिंह, एडमिन सोनु कुमार, डीओ ब्रजेश कुमार, आइपीआरपी मनीषा कुमारी, खरौंधी सीएलएफ की अध्यक्ष रेखा देवी, सचिव रेणु देवी, कोषाध्यक्ष संतरा देवी, अरंगी सीएलएफ की अध्यक्ष अनीता देवी, सचिव निशा श्रीवास्तव, खरौंधी की जेआरपी सुनीता देवी, अरंगी की जेआरपी सीमा देवी, बीआरपी सतवंती देवी आदि लोग मौजूद थे।

## एचपी गैस के प्रो. राणा प्रताप सिंह का हुआ निधन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर बस्ती निवासी सह एचपी गैस के प्रो. 72 वर्षीय राणा प्रताप सिंह का निधन सोमवार की शाम इलाज के दौरान मेदिनीनगर में हो गया। वे पिछले कई माह से गंभीर बिमारी से ग्रसित थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही भवनाथपुर में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार की रात जैसे ही उनका शव पैतृक आवास पहुंचा कई समाजसेवी व बुद्धजीवी उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम दाह संस्कार सोन नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र विकास कुमार सिंह ने दी। इस मौके पर गोविंद सिंह, अरुण सिंह, विनोद सिंह, महेंद्र सिंह, नीलू सिंह, बर्जेस सिंह, धीरेंद्र सिंह, रविकांत सिंह, बुचुल राम, पपु सिंह, सुनील सिंह आदि शामिल थे।

## भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से कई कच्चे घर गिरे

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण एक ओर जहां आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं बारिश की वजह से कई कच्चे मकान गिर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र की मकरी पंचायत में आधा दर्जन कच्चे मकान गिर गए, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। घर गिरने से पूर्व ही परिवार के सभी लोग घर से बाहर निकल गए थे।

धगरडीहा के वार्ड 20 के सुशीला देवी, वार्ड 1 के लालू तुरिया, वार्ड 6 के शिव कुमार पासवान, बुधनी कुवंर, वार्ड 25 के रजमनिया कुवंर, वार्ड 17 के सुरेश राम, गिराज राम, भरोसा राम के कच्चा मकान गिर गए। लोगों ने बताया कि गनीमत रही कि दीवार के गिरने की आवाज सुनकर परिवार के सभी



सदस्य घर से बाहर निकल गए थे। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। कहा कि वे लोग काफी गरीब हैं। उनके पास कोई घर नही है। लोगों ने मुखिया सरिता देवी एवं प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## जय भामाशाह क्लब के अध्यक्ष बने बीरेंद्र, कार्यकारी अध्यक्ष रजनीकांत

**नवीन मेल संवाददाता।**
**श्री बंशीधर नगर**

नगर पंचायत क्षेत्र के सब्जी मार्केट में दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनाने को लेकर श्री जय भामाशाह क्लब के तत्वाधान में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता क्लब के संरक्षक भारत भूषण प्रसाद उर्फ बुलबुल ने की। कार्यकारी अध्यक्ष रजनी कांत मधुर उर्फ भोलू ने बताया कि बैठक में पंडाल, प्रतिमा सहित अन्य बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा कर अंतिम रूपरेखा तय की गई।

बैठक में क्लब का पुनर्गठन भी किया गया, जिसमें में संरक्षक के रूप में भारत भूषण प्रसाद, ओम प्रकाश मुन्ना, कामेश्वर प्रसाद, पप्पू अनमोल, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डू, अशीष कुमार सोनू, अशीष गुप्ता, संतोष कुमार, विकाश कुमार शालू, चंदन गुप्ता आदि शामिल हैं। वहीं सर्वसम्मति



से बिरेंद्र प्रसाद अग्रहरि को अध्यक्ष, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को कार्यकारी अध्यक्ष, अजित केशरी और सूरज गुप्ता को उपाध्यक्ष, नित्यानंद कुमार को सचिव, अनिल मेहता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। ऋतुराज जायसवाल, छन्नूलाल, शिवम कुमार, प्रिंस राजू, अशीष कुमार विशाल, सत्यप्रकाश, दिनेश जायसवाल, अमित अग्रहरी, बंटी केशरी, दिनेश गुप्ता, अविनाश कुमार, हिमांशु रंजन, अविनाश छोटू, अक्षय, क्रिश, आयुश रंजन ऋतिक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में जय भामाशाह क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अंसारी एकता संगठन ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**मेराल।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन गढ़वा के लोगों ने महुलिया गांव निवासी हाशिम अंसारी की बस और ऑटो की टक्कर से हुई मौत के खबर पाकर उनके घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहयोग के रूप में 28000 रुपये नगद दिए। संगठन के जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि विगत दिनों महुलिया गांव निवासी हाशिम अंसारी ने ऑटो से अपने पूरे परिवार के साथ छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के लिए जा रहे थे। बीच रास्ते में ही पॉपुलर बस से ऑटो की टक्कर हो गई, जिससे घटनास्थल पर ही हाशिम अंसारी की मौत हो गई और परिवार के 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर जिला सचिव आदम अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष हिदायतुल्लाह अंसारी, जिला संरक्षक नियाजउद्दीन अंसारी, आफताब आलम, रिजवान आलम अंसारी आदि मौजूद थे।

## थाना दिवस कार्यक्रम में दो मामलों का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**



थाना परिसर में मंगलवार को अंचलधिकारी जुल्फिकार अंसारी की उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र से प्राप्त जमीनी विवाद से संबंधित दो मामलों का निष्पादन किया गया। कुछ लोगों को महीने के तीसरे मंगलवार को आने की तारीख मुकर्रर की गयी। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अब से प्रत्येक महीना के प्रथम मंगलवार एवं तृतीय मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन थाना परिसर में किया जायेगा, जिसमें जमीन से संबंधित विवाद का निपटारा अंचल अधिकारी एवं कर्मियों के साथ मिलकर किया जायेगा ताकि छोटी-मोटी जमीन से जुड़े समस्याओं को निष्पादन हो सके। वहीं छोटी-मोटी समस्याओं को लेकर लोगों को कोर्ट कचहरी का चक्कर न लगाना पड़े इसी उद्देश्य से थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को समस्या का समाधान हो सके। मौके पर एसआई कृष्णा रजवार, अंचल सीआई विकास कुमार, अंचल अमीन इकबाल अंसारी आदि मौजूद थे।

## धर्म-कर्म

### कथा से जीवन में शांति की प्राप्ति होती है : जीयर स्वामी

# भगवान के अवतारों की कथा बार-बार सुननी चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता।**
**श्री बंशीधर नगर**



जीयर स्वामी ने प्रवचन करते हुये कहा कि जिस घर में श्रीमद्भागवत की पूजा होती है उस घर में लक्ष्मी का वास होता है। हर घर में श्रीमद्भागवत की पूजा होनी चाहिए। बार-बार कथा सुनने की बात को उन्होंने समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार एक बार भोजन कर लेने से एक बार सांस ले लेने से काम नहीं चल सकता है। उसी प्रकार एक बार कथा सुनने से काम कैसे चल सकता है। भगवान के अवतारों की चर्चा कथा के रूप में हमेशा सुननी चाहिए। इससे मन का विकार बाहर हो जाता है और मन चीत को शांति मिलती है। और सांसारिक मोहमाया में मन फंसने से बच जाता है। उन्होंने कहा कि कथा एक स्टेटस है, एक संस्कार है, यह ईश्वर की कृपा है। जिसे बार-बार सुनने के बाद जीवन में ईश्वर की कृपा बरसने लगती है। जीवन में शांति की प्राप्ति होती है, शालीनता आती है, सादगी आती है, विनम्रता आती है। जिन शब्दों को सुनने के बाद हमारे मन बुद्धि दिमाग को ईश्वर में स्थापित होने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उसे कथा कहते हैं। जैसे बाल्मीकि जी ईश्वर का नाम जपते जपते गलत मार्गो से हटकर प्रशस्त मार्गों के अधिकारी बन गए। अंगुली माल डाकू गौतम बुद्ध के उपदेशों को सुन कर अहिंसा का पुजारी बन गया। कालिदास जी अपनी पत्नी की कृपा से जीवन को धन्य कर लिया। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को श्रीमद्भागवत कथा सुननी चाहिए। ईश्वर के अवतारों की चर्चा बार-बार सुननी चाहिए।

उन्होंने कर्म के बारे में समझाते हुए विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि कर्म करते समय व्यक्ति को सतर्क रहने की आवश्यकता है। क्योंकि कर्म का फल अकाट्य होता है। इसका फल मिलना है मिलना होता है। बिल्कुल निश्चित है। क्योंकि जो जैसा कर्म करेगा वैसा फल मिलेगा ही मिलेगा। व्यक्ति को मांसाहार का भोजन नहीं करना चाहिए। अपनी आत्मा की पूर्ति और जीभ के स्वाद के लिए दूसरे जीवों को मारकर खा जाना यह बहुत ही घोर अपराध है। इससे बचना चाहिए। यह शास्त्रों के ठीक विपरीत है। ठीक उल्टा है। ऐसा नहीं करना चाहिए। हर जीव को अपनी जिंदगी जीने का पूर्ण अधिकार है। सबको ईश्वर ने जन्म दिया है। किसी भी जीव को दूसरे को मारने की अनुमति नहीं है। किसी जीव को प्रताड़ित करने का कोई अधिकारी नहीं है। अगर ऐसा करता है तो वह घोर नरक का भागी बनता है।

## भाकपा ने किसानों की मौत को लेकर पैदल मार्च कर मनाया काला दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मंगलवार को 3 अक्टूबर 2021 में हुई किसानों की मौत को लेकर काला दिवस के रूप में मनाया। कपूर्री चौक से प्रखंड कार्यालय तक पैदल मार्च किया। इस दौरान केंद्र सरकार विरोधी नारे भी लगाए। नेता गणेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा किसान विरोधी तीन काला कानून के खिलाफ एक साल से भी अधिक समय तक किसान दिल्ली बॉर्डर पर धरने पर बैठे रहे। यही कारण है कि मोदी सरकार को किसानों के सामने झुकना पड़ा और तीनों काले कानून को वापस लेना पड़ा।

गणेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के राज्य मंत्री अजय मिश्र




टेनी के बेटे के द्वारा उतर प्रदेश के लखिमपुर खीरी में किसानों को अपनी गाड़ी से कुचल कर हत्या कर दी गई। इसको लेकर हम लोग 3 अक्टूबर को काला दिवस के रूप में मना रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरुण बिहारी यादव ने की। इस मौके पर राजकुमार राम, रामनाथ उरांव, गोपाल यादव, यशवंत चौबे, जयरूप यादव, गिरधारी सिंह, अनिरुद्ध यादव आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### बीडीओ से दो माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत, चक्का जाम की चेतावनी



**बरवाडीह।** प्रखंड में जन वितरण प्रणाली की दुकानदारों की मनमानी चरम पर है। अब तक एक दर्जन से अधिक दुकानदारों की शिकायतें कार्डधारकों ने की हैं, लेकिन डीलरों के रवैये में सुधार होता नहीं दिख रहा है। मंगलवार को पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में हरातु पंचायत के कार्डधारी डीलर सहादूर सिंह की ओर से अगस्त और सितंबर माह का ग्राहकों से अंगूठा लगाकर राशन नहीं देने की शिकायत लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव करते हुए दुकानदार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इसके उपरांत जिप सदस्य ने सभी ग्रामीणों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण के समक्ष समस्याओं को रखा। जिप सदस्य ने कहा कि दुकानदार सहादूर सिंह हरातु पंचायत के रमनदाग एवं मुंडू के सैकड़ों कार्डधारकों का दो महीना का राशन नही दे रहा। दुकान से 10 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर उन लोगों का घर है। ग्रामीणों ने एक सप्ताह के अंदर राशन वितरण करते हुए दुकानदार पर उचित कार्रवाई की मांग की है। मांगे पूरी नहीं होने पर 10 अक्टूबर को चक्का जाम का अल्टीमेटम प्रखंड प्रशासन को दिया। वहीं बीडीओ एवं आपूर्ति पदाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर सभी को दोनों माह का राशन वितरण कराया जाएगा। मौके पर धीरज कुमार, सीमा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मालती देवी, बसंती देवी, सरिता देवी, अनीता देवी आदि मौजूद थे।

### बालूमाथ में शौर्य यात्रा में उमड़ी भीड़



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा मैदान में शौर्य यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रथ महावीर मंदिर होते हुए थाना चौक, मुरपा मोड़, ब्लॉक से चलकर जोगिया डीह स्थित बिरसा मैदान कार्यक्रम स्थल पहुंचा। यहां सभा को संबोधित करते हुए कामेश्वर चौपाल ने कहा कि सनातन सबसे पुराना धर्म है। यह यात्रा सभी सनातन धर्मियों की सम्मान यात्रा है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद गुप्ता, संयोजक जितेंद्र सिंह, अरुण साहू उपेंद्र साव, मनोज साव, बंधन साव, अखिलेश गंझू, जितेंद्र साव, राजन साव, बहादुर साव कुंदन यादव, भीम कुमार, पिंटू कुमार, सुशीला देवी, सरस्वती देवी, नीलम कुमारी, काजल कुमारी, दिव्या आदि उपस्थित रहे।

### किशोरी से यौन शोषण में युवक गिरफ्तार

**मयूरहंड।** थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार छह माह पूर्व युवक ने बहला फुसला कर जबरन किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाया था। पीड़िता के भाई ने इसकी लिखित शिकायत थाना को दी थी। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### ईको विकास समिति को प्रथम पुरस्कार



**महुआडांड़।** पूरे झारखंड में ईको विकास समिति लोध जलप्रपात( बूढ़ा घाघ जलप्रपात) के अध्यक्ष सुनील नगेसिया, उपाध्यक्ष जीवंती देवी एवं कोषाध्यक्ष रामदयाल राम को गत 1 सितंबर 2023 दीन रविवार को जैप ऑडिटोरियम डोरंडा में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वन प्राणी सप्ताह के तहत ईको विकास समिति लोध जलप्रपात को मुख्यमंत्री के हाथों से ईको विकास समिति के अध्यक्ष सुनिल नगेशिया को दस हजार रुपये का चेक साथ ही नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथॉरिटी की मौजदूगी में पुरस्कार दिया गया। इसकी जानकारी (अक्सी बीट)के प्रभारी वनपाल कुंवर गंझु के द्वारा दिया गया जो इस उद्घाटन सम्मान समारोह में वन विभाग एवं एन टी सीए यानी नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद थे। यह पुरस्कार साफ-सफाई, नो प्लास्टिक जोन, सुलभ शौचालय, पानी की समुचित व्यवस्था के लिये मिला।

### नेतरहाट में 28 किलोमीटर की सिंहबोंगा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# खेल से प्रतियोगिता की भावना होती है जागृत : समीर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
इस तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने से बच्चों के मन में प्रतियोगिता का भाव जागृत होती है, तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्र के लिए भी कुछ करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है। उपरोक्त बातें नेतरहाट आवासीय विद्यालय के खेल प्रांगण में विकास भारती विशुनपुर के तत्वावधान में आयोजित सिंहबोंगा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य सभा सांसद समीर उरांव ने कही।





उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार आपलोगों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है।इसे लेकर कई जन कल्याणकारी योजनाएं यथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। विकास भारती विशुनपूर के सचिव अशोक भगत ने कहा कि नेतरहाट पुरे भारत देश का शान है। पर यहां के लोग विषम परिस्थितियों में निवास करते हैं, विकास योजनाएं समय पर नहीं पहुंच पाती है। हम पुराना गौरव वापस लाना चाहते हैं। हम पठारी क्षेत्र में निवास करते हैं सो आज हमारे सामने चुनौती है कि हम अपने आप को कहां ले जा पायेंगे, कैसे अपने व अपने क्षेत्र का विकास कर पायेंगे। कार्यक्रम को आवासीय विद्यालय नेतरहाट के प्राचार्य डॉ. प्रसाद पासवान ने भी संबोधित किया। तदुपरांत मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद समीर उरांव, सचिव अशोक भगत, संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रसाद पासवान, नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत, आचार्य अंशुमान चटर्जी, जिला परिषद सदस्य बिशुनपुर पवन कुमार, पूर्व पंचायत समिती सदस्य अजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सिंहबोंगा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पूर्व नेतरहाट पंसस अजय प्रसाद ने बताया कि सिंहबोंगा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में लगभग तेरह सौ बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

ये मैराथन दौड़ नेतरहाट आवासीय विद्यालय के खेल प्रांगण से प्रारंभ होकर 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विशुनपूर प्रखंड स्थित ग्राम जतरा टाना भगत स्मारक चिन्ह चिंगरी में संपन्न हुई। मौके पर उपरोक्त लोगों के अतिरिक्त पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय प्रसाद, पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया, धनंजय पांडेय, कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के संजय पांडेय, महेंद्र भगत, कुमकुम मैत्रा आदि समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत के नेतृत्व में नेतरहाट थाना पुलिस मुस्तैद रही।

### संकल्प यात्रा के तहत बालूमाथ पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी बोले, भ्रष्ट सरकार के हेड बॉस हैं हेमंत

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का सीएम पर निशाना

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
भाजपा की संकल्प यात्रा के सातवें चरण में मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बालूमाथ पहुंचे। जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार फाइल और फोल्डर वाली भ्रष्ट सरकार है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका हेड बॉस हैं। उन्होंने सरकार के मुखिया से सवाल करते हुए कहा कि अगर हेमंत सोरेन खुद को पाक साफ समझते हैं तो ईडी के समन पर हाजिर क्यों नहीं हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने वर्तमान सरकार को झारखंड बनने के बाद अबतक का सबसे भ्रष्ट एवं असफल सरकार करार दिया।



उन्होंने कहा कि सरकार बालू, पत्थर, कोयला, लोहा तस्करों को संरक्षण दे रही है और पुलिस के माध्यम से वसूली में लगी है। मरांडी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार की सराहना करते हुए केंद्र सरकार को गरीबों का हितैषी बताया। मरांडी ने उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, आवास योजना, पेंशन योजना, गरीबों के लिए राशन के साथ-साथ महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को नरेंद्र मोदी की सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव एवं झारखंड के विधानसभा चुनाव में भाजपा के पूर्ण बहुमत की सरकार केंद्र एवं राज्य में बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही 6 महीने के अंदर सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर कर ली जाएगी। बेरोजगार नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ होगी। इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि परिवार और भ्रष्टाचार के संरक्षण के लिए यह गठबंधन बनाया गया है। वहीं समाजसेवी सह भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने मरांडी को स्वर्ण रंग का गदा और धरती आभा भगवान बिरसा मुंडा का चित्र भेंट किए। इस मौके पर लातेहार जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश राम, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, जिला महामंत्री पंकज कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा, प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप, भाजायुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ अभिषेक रामदीन, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल, नाथ शाहदेव, अमित कुमार नाथ शाहदेव, लातेहार नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, पूर्व अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, भाजपा नेता चेतलाल रामदास, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो. आफताब आलम, जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, सरोज देवी, मोती सोनी संतोष पासवान, त्रिवेणी साव, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, राकेश दुबे, शैलेश सिंह, अमित गुप्ता, मनीष जायसवाल, कैलाश ठाकुर, लव सिंह, उमेश कुमार सिंह, भानु सिन्हा, रंजीत गुप्ता, अमित कुमार आदि उपस्थित थे। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार एवं अंचल अधिकारी आफताब आलम के नेतृत्व में पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात थी। बारियातु थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, एसआई नीतीश कुमार, एसआई कुबेर साव, एसआई सुबोध कुमार, एएसआई पारस प्रसाद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल के जवान तैनात थे।



### चंदवा में कार्यकर्ताओं से मिले बाबूलाल मरांडी

**चंदवा।** राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को बालूमाथ में आहूत संकल्प यात्रा में जाने के क्रम में चंदवा के पथ निर्माण के विश्रामागार में रुके और कार्यकर्ताओं का कुशलक्षेम जाना। इससे पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता और भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बिनय कुमार रिक्की के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने मोटरसाइकिल से बाबूलाल मरांडी को स्कॉट किया। मौके पर योगेंद्र प्रताप, महेंद्र साहू, कुलमान साव, रामवृक्ष चौधरी, दीपक निषाद, रविराज, साजिद खान, राजेंद्र यादव, संजीव आजाद, शिवकेश्वर यादव आदि मौजूद थे।

### डीसी ने आमजनों की समस्याएं सुनी दिए दिशा निर्देश

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन माध्यम से आयोजित जनता दरबार में मंगलवार को आमजनों की समस्याएं सुनी। डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का ने सभी आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। एक व्यक्ति ने बताया कि अभिलेखागार से पंजी 2 के लिए मेरे द्वारा आवेदन दिया गया है। लेकिन अभी तक सत्यापित कॉपी अप्राप्त है। इसे लेकर मौके पर उपस्थित अभिलेखागार पदाधिकारी ने उपायुक्त को जानकारी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति पंजी 2 के लिए आवेदन करते हैं तो नियमानुसार पंजी 2 की कॉपी एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करा दी जाती है। वहीं दूसरे मामले में राशन कार्ड धारक लाभुक ने बताया कि हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पचायत अंतर्गत डीलर द्वारा 2 किलो ग्राम अनाज की कटौती प्रति व्यक्ति की जा रही है। इस मामले को उपायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कहा कि डीलर द्वारा इस तरह का रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द से जल्द स्थल पर पहुंच कर एवं जांच कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। इसी प्रकार कन्यादान योजना, जमीन विवाद, रैयतों का मुआवजा, धोती साड़ी वितरण में अनियमित्ता से संबंधित मामले आए।

## वन्य प्राणी सप्ताह : प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
जिले के दक्षिणी वन प्रमंडल अंतर्गत टंडवा वन प्रक्षेत्र में प्रचार वाहन वन बचाओ, वन्यजीव बचाओ-धरती को स्वर्ग बनाओ जैसे अन्य नारों के माध्यम से प्रत्येक गांवों व कस्बों में प्रचार करेगा। मंगलवार को 1 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले वन्य प्राणी सप्ताह के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने रवाना किया। रेंजर ने बताया गया कि वन्य जीवों व जंगल को संरक्षित करने के लिए कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला जा रहा है। जंगलों की कटाई व आग लगाये जाने के कारण वन्यजीवों का भोजन तथा आश्रय नष्ट होता है, जिससे कुपित होकर वे आम इंसानों तथा फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। पारिस्थितिकी



तंत्र में संतुलन मनुष्यों का परम कर्तव्य है, इसे नष्ट कर सुखी जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पन्ना ने आगे बताया कि जागरूकता अभियान में विभिन्न स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। मौके पर वनरक्षी राकेश सिंह, रौशन नायक, सत्यनारायण, सुनील उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

## विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशन में निकाली गई जागरूकता रैली

नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया
नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के तत्वाधान में जागरूकता रैली निकाली गई। विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में आश्रम आवासीय विद्यालय जबड़ा के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को खासकर महिला, बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कानून की जानकारी देने के साथ बच्चों द्वारा बाल श्रम बंद करो, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, भारत माता की जय, वंदे मातरम सहित अन्य नारे लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्या जामवंती मिश्रा, पवन कुमार मिश्रा, पंकज कुमार, रिया कुमारी, विश्वजीत सिंह, उमेश यादव, नवनीत सिंह और नीलम देवी ने अहम योगदान दिया।

नारे लगाकर लोगों को किया गया जागरूक




### मूसलाधार बारिश से गरीब का घर धराशायी हुआ, दूसरे के घर में रहने को विवश



**कुंदा।** लगातार रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश में मंगलवार को प्रखंड के मांझीपारा गांव निवाशी चौठी भुईया का खपरैल घर धराशायी हो गया। पीड़ित गरीब है और घर गिर जाने के कारण वह फिलहाल गांव के संजय भारती के नवनिर्मित घर में रहने को मजबूर है। भुक्तभोगी जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी करता है। बताया कि आर्थिक स्थिती इतनी अच्छी नहीं है कि वह खुद से अपना घर बना सके। अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं मुखिया मनोज साहू ने क्षतिग्रस्त घर को निरीक्षण कर उन्हें जल्द ही आपदा राहत के तहत उचित मुआवजा दिलाने की बात कही है।

**पहल** | मयूरहंड प्रखंड स्तर पर 9 अक्टूबर तक चलाया जाएगा कार्यक्रम

# संकल्प सप्ताह का डीडीसी व प्रमुख ने किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को आकांक्षी प्रखंड के तहत संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता एवं प्रमुख मिकी देवी ने संयुक्त रूप से किया।

डीडीसी ने बताया की भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत मयूरहंड प्रखंड का चयन किया गया है।3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक प्रखंड स्तर पर संकल्प सप्ताह का कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके तहत संबंधित विभाग स्वास्थ्य, आजीविका, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा आदि से संबंधित कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित करेंगे। संकल्प सप्ताह के तहत पहले दिन



संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्प का आयोजन सभी हेल्थ, वेलनेस सेंटरो और पीएचसी पर किया गया। इसके तहत एएनसी क्लिनिक, टीकाकरण, एनीमिया टेस्ट एंड ट्रीटमेंट, टीबी स्क्रीनिंग आदि गतिविधियां आयोजित की गई। चार अक्टूबर को सुपोषित परिवार-पोषण मेला का आयोजन होगा, जिसमें संतुलित आहार, मेरा पोष्टिक बगीचा, अन्न प्रासन्न पोषण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आंगनबाडी केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पांच अक्टूबर को स्वच्छता आधारित कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन घर, गांव और पंचायत को स्वच्छ बनाए जाने के लिए पंचायत सचिवालयों में की जाएगी। 6 अक्टूबर को ग्राम पंचायत भवन पर कृषि महोत्सव का आयोजन होगा। सात को प्राईमरी, मीडील स्कुलों में शिक्षा एक संकल्प संबंधी कार्यक्रम, आठ को आजीविका आधारित समृद्धि दिवस का आयोजन पंचायत भवन में, 9 अक्टूबर को संकल्प सप्ताह समावेश का आयोजन होगा। जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मियों को तिथिवार गतिविधियों को बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, बीपीओ नीरज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित जयसवाल के अलावा प्रखंड और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# 'आत्महत्या का मुख्य कारण तनाव और तनाव की प्रमुख वजह नशा'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
संत जेवियर महाविद्यालय में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयाजन किया गया। मुख्य वक्ता सदर अस्पताल के डॉ अमूल्या गुलाब लकड़ा, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ श्रवण कुमार महतो और नगेन्द्र कुमार ने मानसिक तनाव से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जानकारी दी। डॉ श्रवण ने कहा कि तनाव किसी भी नशे का कारण है और नशा ही तनाव का कारण है। तनाव मुक्त जीवन ही मंजिल तक पहुंचाएगा। उन्होंने बताया कि आत्महत्या का मुख्य कारण तनाव है और तनाव का मुख्य कारण है- ड्रग्स आदी, परीक्षा में कम अंक आना, प्रेम में असफल होना, इत्यादि। डॉ. अमूल्या ने बताया कि



मासिक धर्म एक प्रकृति विधि है। ये लड़कियों में 13 वर्ष से शुरू हो जाता है और इस विधि में रक्त का बहाव होता है। अगर इसमें स्वच्छता नहीं बरती जाए, तो बाद में कई तरह कि बीमारी हो सकती है। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म शुरू होने के दौरान परेशान नहीं होना चाहिए। मासिक धर्म में पेट में काफी दर्द होता है। किसी को कम दर्द होता है तो किसी को बहुत अधिक दर्द होता है। इस दर्द के दौरान डॉक्टर से सलाह लेकर ही दवाइयां लेना चाहिए। नगेंद्र कुमार ने बताया कि तंबाकू को कम कैसे प्रयोग किया जाए इसके बारे में जानकारी दी। डॉ. प्रियंका सिंह ने यूटेरस, ब्रेस्ट कैंसर, आरल कैंसर के बारे में जानकारी साझा की। मौके पर प्राचार्य फादर डॉ. एम के जोंस, प्रोफेसर सुरभि सिंहा, सिस्टर कैशलीट जूलियट, जफर इकबाल आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### स्वदेशी सप्ताह का किया गया समापन

**लोहरदगा।** स्वदेशी सप्ताह 25 सितंबर दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती तक चली। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने स्वदेशी सप्ताह के समापन में कहा कि हमें अपने देश को आगे बढ़ाना है तो स्वदेशी सामानों का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करना होगा। ऐसा करके हम देश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्वदेशी सप्ताह के समापन में सभी छात्र-छात्राओं ने स्वदेशी सामान का ही उपयोग करेंगे इसका संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### लातेहार : प्रथम दृष्टया जंगल-झाड़ किस्म की पाई गई जलदाग मौजा की जमीन

**लातेहार।** आयुक्त मनोज जायसवाल ने एनएच-75 के किनारे जलदाग मौजा के 50 एकड़ जंगल-झाड़ी भूमि को प्रथम दृष्टया जंगल-झाड किस्म का पाया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित खबर पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने 30 सितंबर को लातेहार अंचल के जलदाग मौजा के 50 एकड़ जंगल- झाड़ी किस्म भूमि के अवैध हस्तांतरण/ नामांतरण के संबंध में स्थल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण में प्रथम दृष्टया उन्होंने अद्यतन तिथि तक जंगल -झाड़ किस्म का पाया। वहीं यहां घने वृक्ष एवं झाड़ इत्यादि उगे हुए हैं तथा इनके बीच से ही चहारदिवारी का निर्माण कर गेट लगाया गया है जो विगत कुछ माह पूर्व ही लगाया गया प्रतीत हुआ। स्थल निरीक्षण के उपरांत आयुक्त ने लातेहार अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर भूमि से संबंधित अभिलेख व दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। आयुक्त ने लातेहार उपायुक्त को अपने स्तर से इसकी समीक्षा करते हुए संबंधित भू-खंडों के निबंधन एवं नामांतरण के संबंध में एक तार्किक आदेश पारित करने एवं उक्त आदेश के आलोक में निबंधन/ नामांतरण के संबंध में अग्रेतर कर्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान लातेहार के अनुमंडल पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता शेखर कुमार, लातेहार अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, अंचल निरीक्षक उदल राम, राजस्व उप निरीक्षक मनोज बेक आदि उपस्थित थे।

### चतरा : मांगों को लेकर दूसरे दिन भी अनशन जारी, जेएमएम का समर्थन



**पत्थलगडा(चतरा)।** 23 सूत्री मांगों को लेकर पत्थलगडा प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्रामीणों का आमरण अनशन दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। आमरण अनशन के 24 घंटा बीत जाने के बाद भी जिले का कोई वरीय अधिकारी अनशनकारियों से बात करने या मिलने नहीं पहुंचा। वहीं जेएमएम के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा अनशन स्थल पर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने जल्द से जल्द सभी मांगों को पूर्ण किए जाने का भरोसा दिया। चंद्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व चतरा उपायुक्त अबू इमरान से बात कर आपकी सभी मांगों को रखेंगे। मालूम हो कि सिंघानी के पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद व क्रांतिकारी भीमसेन ओड़िया 2 अक्टूबर से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। ज्ञात हो कि पत्थलगडा के ग्रामीण पिछले एक महीने से 15 व 8 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं।

### चतरा : मनरेगा लोकपाल ने कुंदा प्रखंड में संचालित कार्यों का किया निरीक्षण



**कुंदा(चतरा)।** मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा के तहत संचालित कार्यों का औचक निरक्षण किया। लोकपाल ने मनरेगा के तहत आम बागवानी, कुप, मेढ़बंदी व अन्य संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर मनरेगा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ देकर विकास कार्य को गति दें। इसके अलावा लोकपाल ने मनरेगा के तहत निबंधित मजदूरों का सत्यापन करने तथा मांग के अनुरूप काम देने को लेकर दिशा निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार, मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा, पंचायत सेवक रामजी साहू, रोजगार सेवक मुसाफिर यादव, मनरेगा ऑपरेटर मुकेश कुमार, बीएफटी अनिल यादव, प्रदीप साव, आशीष यादव, सुबोध भोक्ता आदि शामिल थे।

## खौफ के साये में ड्यूटी करने को मजबूर स्वास्थ्य कर्मचारी

# सीएचसी के पर्ची काउंटर की छत का प्लास्टर गिरा, दुर्घटना टली

**नवीन मेल संवाददाता। कुड**





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में सोमवार की शाम पर्ची काउंटर की छत के प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि घटना रात के समय हुई और गांधी जयंती के अवकाश के कारण वहां कोई मौजूद नहीं था। अन्यथा कोई गंभीर घटना घट सकती थी। परिसर में बने इस हिस्से में मरीजों की पर्ची काटने से लेकर, फाइलेरिया के मरीजों की स्क्रीनिंग और अस्पताल कर्मियों की मिटिंग तक होती है। प्लास्टर गिरने की वजह से कक्ष में रखे टेबल कुर्सी पूरी तरह से तहस-नहस हो गए हैं। ज्ञात हो कि वर्षो से डॉक्टर रूम में भी छत, अस्पताल प्राभारी का कार्यालय, आवास, नेत्र चिकित्सक कक्ष से लेकर जांच घर तक की छत से प्लास्टर झड़ते रहते हैं।

वहीं अस्पताल परिसर में बने बड़े-बड़े गड्ढे और उसमें जमा पानी मरीजों और उनके अटेंडेंट तक के लिए परेशानी का सबब बनता रहता है। ज्ञात हो कि वर्षों पहले अस्पताल की मुख्य इमारत, जिसमें अस्पताल का कार्यालय संचालित है और स्टाफ क्वार्टर को असुरक्षित करार दिये जाने की खबर है। हालांकि इसकी किसी ने पुष्टि नहीं की है। प्राभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुलामी होरो का कहना है कि भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इसमें रहना खतरे से खाली नहीं है, लेकिन आपातकालीन सेवा होने और मरीजों के हित को देखते हुए चिकित्सक अन्यत्र किराए के मकान में भी नहीं रह सकते हैं। परिसर में पानी से भरे गड्ढों के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष यहां स्टोन डस्ट डालकर गड्ढों की मरम्मत की जाती है लेकिन मरीजों के प्राइवेट वाहन, ममता वाहन, एम्बुलेंस की अधिक आवाजाही से यह ज्यादा दिन नही टिक पाते और पुनः स्थिति वैसी ही हो जाती है।

# लोहरदगा में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी लगाई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् कोलकाता के द्वारा लोहरदगा जिला में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी (हमारे दैनिक जीवन में सरल मशीनों का महत्व ) का आयोजन किया गया है।

यह प्रदर्शनी एक बस में स्थित है जिसे मंगलवार को उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता द्वारा समाहरणालय लोहरदगा परिसर से हरी झंडी दिखाकर चयनित क्लस्टरों/विद्यालयों के लिए रवाना किया गया। यह प्रदर्शनी इस वर्ष जिला के 9 निर्धारित कलस्टर/विद्यालयों में दो/तीन दिनों की अवधि के लिए लगायी जाएगी। यह प्रदर्शनी केजीबीवी, भंडरा में 5 एवं 6 अक्टूबर, डॉ अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय कैरो में 9 एवं 10 अक्टूबर को, गांधी मेमोरियल हाई स्कूल माराडीह कुडू में 11 एवं 12 अक्टूबर को, उसुर्लाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल लोहरदगा में 13, 14 एवं 16 अक्टूबर को, एस०एस० हाई स्कूल किस्को में 19 एवं 20 अक्टूबर को, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलगी कुडू में 26 एवं 27 अक्टूबर को और उत्कृष्ट नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय लोहरदगा में 28, 30 एवं 31 अक्टूबर को लगायी जाएगी। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी समेत संबंधित क्लस्टर के चयनित शिक्षकगण उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास में कॉलेज अग्रणी : चंद्रशेखर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में प्रांतीय वैदिक गणित व विज्ञान मेला आयोजित

### 34वें प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में प्रांतीय वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला और 34वां प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत और सम्मान महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कराया। प्रांतीय वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला में आयोजित विज्ञान पत्र वाचन प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान की छात्रा शशि कच्छप ने स्वर्ण पदक प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा सामूहिक रूप से शशि कच्छप को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। शशि कच्छप के माता - पिता सुधीर उरांव और दशमनी उरांव को सचिव अजय प्रसाद के द्वारा अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल ने विद्यार्थी जीवन के पांच लक्षणों पर श्लोक के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भैया - बहनों के चहुमुखी विकास में यह महाविद्यालय अत्यंत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के भैया - बहनों के मेहनत के फलस्वरूप इसकी प्रशंसा प्रांत और क्षेत्र स्तर तक हो रही है। ये महाविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। 34वें प्रांतीय एथलेटिक्स के विजेता प्रतिभागियों में पूनम, आकांक्षा पांडे, नैतिक राज, अभय साहू, अल्पना शैली उरांव, रितु कुमारी, मुनिका कुमारी, अंकित साहू, अमित उरांव आदि को पुरस्कृत किया गया।

### मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय अंक का किया गया विमोचन



**लोहरदगा।** मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय वर्ष के द्वितीय अंक का विमोचन किया गया। मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय अंक का विमोचन सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, सुधीर उरांव, दशमनी उरांव और पत्रिका की संपादक रश्मि साहू के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। पत्रिका की संपादक रश्मि साहू ने बताया कि महाविद्यालय की गतिविधियों को दर्शाने वाली इस त्रैमासिक पत्रिका में महाविद्यालय की उपलब्धियां को विशेष स्थान दिया गया है।

# पूर्व मुखिया के पति पर हुए जानलेवा हमले से डरे परिजन पहुंचे कुडू थाना

## थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर लगाई सुरक्षा की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**



कुडू थाना क्षेत्र के ककरगढ़ पंचायत अंतर्गत महूगांव निवासी फूलचंद उरांव पर हुए जानलेवा हमले को लेकर फूलचंद का परिवार और ग्रामीन भयभीत हैं। इसको लेकर मंगलवार को ग्रामीण कुडू थाना पहुंच थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह को आवेदन देकर घटना में शामिल अन्य लोगों पर कारवाई और गांव वालों को सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में रमेश उरांव, मुन्ना उरांव, बिफई उरांव, संजय उरांव और प्रदीप उरांव पर गांव वालों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं फूलचंद की पत्नी गीता तिर्की ने अपने आवेदन में पति पर जानलेवा हमले में संजय उरांव और प्रकाश उरांव के भी शामिल होने की बात लिखी है।

वहीं थाना पहुंचे ग्रामीणों से बात करते हुए थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने कहा कि जो भी अपराध में शामिल होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। सभी पर नियम संगत कारवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी से डरने की जरूरत नहीं है, प्रशासन आपकी सुरक्षा में 24 घंटा तैयार है। ज्ञात हो कि मुख्य आरोपी को पुलिस जेल भेज चुकी है। थाना पहुंचे लोगों में फूलचंद की पत्नी गीता तिर्की, बेटी नेहा कुमारी, बेटा अंश, परमेश्वर महतो, किशोर सिंह के अलावा गांव की महिला पुरुष शामिल थे।

# डीएफओ बोले, वन्य जीवों के संरक्षण से ही मानव जीवन हो सकेगा संरक्षित

## एकलव्य विद्यालय में वन विभाग ने पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता की आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



वन्य जीव संरक्षण के लिए वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार द्वारा हर वर्ष वन्य प्राणी सप्ताह अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। इसके निमित लोहरदगा वन प्रमंडल की ओर से इस मौके पर एकलव्य आवासीय विद्यालय कुजरा में विद्यार्थियों के बीच वन्य जीवों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमं भाषण प्रतियोगिता में रौशनी उरांव प्रथम, सुप्रिया उरांव द्वितीय और करमि उरांव तृतीय स्थान पर रही, जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में सुशांति कुमारी प्रथम, कमला कुमारी मुंडा द्वितीय और लखिमनी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार शामिल हुए।

डीएफओ कुमार ने विद्यार्थियों को वन्य जीवों को बचाने के लिए सभी जागरूक किया एवं उनके संरक्षण के लिए शपथ दिलवाई। डीएफओ ने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण से ही मानव जीवन संरक्षित हो सकता है। पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग होते हैं। ये हमें भोजन के साथ अमृत के समान शुद्ध वायु प्रदान करते हैं जो हमारे जीवन के लिये अनमोल व बहुमूल्य हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम 10 पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करने की भी जरूरत है। आप बच्चे पेड़ पौधे को हर स्थान पर लगाये और इस प्रकृति को हरा भरा करने में अपनी भूमिका निभाएं।

### चौकीदार संघ ने अंचल अधिकारी का किया स्वागत



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत लोहरदगा अंचल कमेटी के चौकीदार संघ ने नवपदस्थापित अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार से मिलकर उनका बुके देकर स्वागत किया। वहीं अंचल अधिकारी ने चौकीदारों को कई दिशा निर्देश दिए और लगन और ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रदेश संयुक्त सचिव सह जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी, अनिल उरांव, सतीश उरांव, समारा उरांव, अगरू मुंडा, सुखदेव महली, सयूब अंसारी, प्रकाश कुजूर के अलावे कई चौकीदार उपस्थित थे।

# शौर्य जागरण यात्रा का कुडू में किया गया भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

शौर्य जागरण यात्रा पलामू विभाग झारखंड प्रांत के एन एच 39 चंदवा के रास्ते कुडू पहुंची, जिसके स्वागत के लिए कुडू के आसपास के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। यात्रा का स्वागत टिको शिव मंदिर के समीप पाही होटल के सामने किया गया।

यात्रा को देवी मंडप बाजार टांड़ में ले जाकर वहां सभी लोग एक साथ यात्रा का दर्शन किए और उसे आगे की ओर जाने दिए। इस क्रम में थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह अपने दल बल के साथ यात्रा की सुरक्षा में तत्पर खड़े रहे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार भी शामिल थे। बता दें कि लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश मंगलवार को भी दिनभर होती रही। इस बारिश के बीच भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था। रामभक्त बाइक पर सवार होकर शौर्य जागरण में शामिल हुए।

## पहल | स्वास्थ्य सुविधा का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें : एसडीओ

# आकांक्षी प्रखंड किस्को में संकल्प सप्ताह का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



आकांक्षी किस्को प्रखंड में 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक मनाये जाने वाले संकल्प सप्ताह के पहले दिन स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को मुहैया कराने हेतु कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं विभिन्न स्थानों में संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्प अंतर्गत एएनसी क्लीनिक का संचालन, नेत्र जांच, टीकाकरण,एनसीडी स्क्रीनिंग, एनीमिया परीक्षण एवं उपचार, टीबी हारेगा देश जीतेगा अनुमोदित टीबी स्क्रीनिंग निश्चय मित्र सम्मान, टीबी चैंपियन रैली एवं विशेष कैंप का आयोजन किया गया।

इसका शुभारंभ किस्को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद लोगों को स्वास्थ्य सप्ताह के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष जानकारी साझा की गई एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा कि किस्को प्रखंड को पूरे भारत वर्ष में आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित किया गया है। किस्को प्रखंड क्षेत्र को पिछड़ा प्रखंड क्षेत्र से विकसित प्रखंड का दर्जा दिलाने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो इसको लेकर अपने आप में संकल्प लेते हुए समन्वय स्थापित कर कार्य करने की जरूरत है। एसडीओ ने कहा कि सुदूरवर्ती एवं अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल हो इसको लेकर कर्मी और जनप्रतिनिधिगण सुनिश्चित करें। सीएस राजमोहन खलखो ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल करना हमारा मूल कर्तव्य है। मौके पर डीपीएम नाजिश अख्तर, प्रमुख सुचित्रा भगत, बीडीओ अभिनीत कुमार सूरज, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ओड़ेया, सीडीपीओ सविता कुमारी, प्रभारी कृषि पदाधिकारी विवेक कुमार, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी उदय कुमार महतो, नेत्र सहायक अजय कुमार, नीति आयोग से सिवानी गुप्ता, स्वाति कुमारी, प्रियांशी, बीपीएम चंद्रकिशोर मानकी, महिला प्रवेक्षिका मालती कच्छप, आकाश कुंवर, बिपुल पांडा व अन्य कर्मी एवं सैकड़ों मरीज मौजूद रहे।

# जमगाई में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में पंडरिया फुटबॉल टीम बनी चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



भंडरा प्रखंड के ग्राम जमगाई में आदर्श क्लब के द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन हो गया। फाइनल मैच पंडरिया और नरकोपी के बीच खेला गया, जिसमें पंडरिया पेनल्टी शूट में 3-2 से चैंपियन बना।

इस मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उसके लिए हमें अनुशासन में रहकर प्रतिबद्धता के साथ खेलना होगा। खेल आपसी भाईचारे को प्रगाढ़ करता है क्योंकि इसमें सभी वर्गों की सहभागिता होती है। भगत ने कहा कि हमारी सरकार खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजना लाई है, जिसका लाभ खिलाड़ियों को उठाना चाहिए। मौके पर जिला परिषद सदस्य राजुनी उरांव, पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव, कांग्रेस नेता उमेश्वर नाथ तिवारी, बालमुनि उरांव, धनेश्वरी उरांव, संजय उरांव, शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, अनिल कुमार, संजय उरांव लालू भगत, सोमा उराव प्रदीप उरांव, संजीत उरांव, वीरेंद्र यादव, रामधन उरांव, मनोज सिंह, संजय लोहरा, विकास उरांव, अनीश उरांव, सोनाधन उरांव, शाहजहां अंसारी, ताहिर अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कोई भी व्यक्ति हमारा मित्र या शत्रु बनकर संसार में नही आता.. हमारा व्यवहार और शब्द ही लोगों को मित्र और शत्रु बनाते है।

– अज्ञात

# गलती व सजा के मायने

***गलतियों*** का खामियाजा हर किसी को भुगतना पड़ता है। यह बात सौ प्रतिशत सच है। लेकिन अगर वही गलतियां रसूक रखने वाले बड़े लोग करते हैं तो क्या सजा मिलती है? यह बड़ा सवाल है। आज देश के कई नामचीन नेता सदन बैठे हैं जो कहीं न कहीं किसी मामले में आरोपी हैं। ऐसे में हमारी लचर न्याय प्रणाली के कारण वे बेदाग भी साबित होते हैं। हां, यह सच है कि ईश्वर की अदालत में उनके रसूक का कोई फायदा नहीं होता है। यह यहां इसलिए चर्चा जरूरी है कि खनन पट्टा मामले में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की संलिप्ता सामने आयी है। ऐसे में राज्यपाल ने रिएक्ट किया है। बात भी सही है कि आदमी कितना भी बड़ा हो, वह भारत के संविधान से बड़ा नहीं हो सकता है। चाहे कोई हो। लेकिन एक बात नहीं भूलनी चाहिए कि आरोप लगा देने से कोई दोषी नहीं हो जाता है। इसका फैसला अदालत करेगी। बहरहाल किसी को अपनी गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। वर्तमान स्थिति में राज्य में अनेक समस्यायें हैं। उसे निपटाने की जरूरत है। सरकारें आयेगीं, जायेगीं लेकिन झारखंड को मजबूत रखना होगा। यहां संगठित अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। जिस तरह से आपराधिक गिरोहि जेल से काम कर रहे हैं और नक्सलियों की ओर से सुरक्षा कर्मियों की हत्या की जा रही है, वह चिन्ता की बात है। ऐसे समय में अगर किसी राज्य के सीएम के बारे में कथित संलिप्तता वाले किसी संदर्भ की बात होती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। 'कानून-व्यवस्था की स्थिति का केवल आंकड़ों के जरिये अध्ययन नहीं किया जा सकता। हमें संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। कोई जेल से गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और कोई विदेश से काम कर रहा है। ऐसे में सरकार को इससे निपटना होगा या हम सब को उससे निपटने की रणनीति बनानी होगी। यही कारण है कि पिछले दिनों राज्यपाल ने कहा था कि मैं सरकार से नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए बार-बार कहता रहा हूं। आप तलाश अभियान चलाते हैं और आप अपनी सारी खुफिया जानकारी का उपयोग करते हैं। आप चाहें तो मैं केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से सारी जानकारी ले सकता हूं, ताकि हम झारखंड में नक्सलवाद को कुचल सकें। मेरे कार्यभार संभालने के बाद हम पहले ही तीन कर्मियों को खो चुके हैं...यह बहुत दर्दनाक और चिंताजनक है। उन्होंने नक्सलियों की ओर से सुरक्षाकर्मियों की हत्या के बारे में मुख्यमंत्री से बात की थी। और बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि पुलिस बल को कोई भी कार्रवाई करने की पूरी आजादी दी जाये। मैंने खासकर नक्सल गतिविधियों के बारे में जानने के लिए मुख्य सचिव को बुलाया है। हर जगह से सभी नक्सली पश्चिमी सिंहभूम जिले की ओर बढ़ रहे हैं। राज्य के 24 जिलों में से लगभग 22 जिले नक्सल मुक्त हैं। वे खुद को साबित करना चाहते हैं। उनके हमलों का कोई मतलब नहीं है। वे अब भोजन के लिए नहीं लड़ रहे। इस देश में भुखमरी से मौत नहीं हो रहीं, फिर ये किस बात के लिए लड़ रहे हैं। राधाकृष्णन ने नक्सलियों के अपनी गुफाओं से बाहर निकलने और फिरौती मांगने की घटनाओं पर चिंता जताई है। ऐसी स्थिति में राज्यपाल के बयान के कई कारण निकाले जा सकते हैं,लेकिन सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है।

**सरकारें आयेगीं, जायेगीं लेकिन झारखंड को मजबूत रखना होगा। यहां संगठित अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। जिस तरह से आपराधिक गिरोहि जेल से काम कर रहे हैं और नक्सलियों की ओर से सुरक्षा कर्मियों की हत्या की जा रही है, वह चिन्ता की बात है।**

# क्या राजनीति में स्वच्छता का मोदी जादू चलेगा?





ललित गर्ग

***देश*** में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाये स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिकों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाये जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाय तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आयें इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए 'जागरूकता की झाड़ू' को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी है। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए है, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे। बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गये। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा। नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किये बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। नोटबंदी, उड़ी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान समर्थित कश्मीर में एयर स्ट्राइक की विपक्ष ने आलोचना की, कश्मीर में राजनीतिक स्थिति में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। इन निर्णयों से कश्मीर के नेता बौखला गये, भारी विरोध किया, मगर नरेंद्र मोदी ने इस पर कभी अफसोस नहीं जताया। कोरोना की दूसरी लहर में लॉकडाउन के फैसला भी विरोधियों के निशाने पर रहा। सीएए को लेकर भी काफी हो-हल्ला हो चुका है। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं। 18 सितंबर 2023 से संसद का विशेष सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित किया। वैसे चुनाव से पहले राम मंदिर का उद्घाटन होना तय है। मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये। केंद्र की मोदी सरकार ने राजनीति में बड़े बदलाव भ्रष्टाचार और करप्शन के मुद्दे पर किये हैं। 1989 के चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बोफोर्स का मुद्दा उछाला था। बोफोर्स से जुड़े कांग्रेस नेताओं के नाम पर उन्होंने चुनाव जीता। नरसिंह राव की सरकार भी घोटालों के घिरी थी, जिसका फायदा बीजेपी समेत विपक्ष को मिला था। 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार कोयला घोटाले, 2जी और कॉमनवेल्थ घोटाले की चर्चा के बीच चुनाव में गई थी, नतीजा कांग्रेस चुनाव हार गई। कांग्रेस ने भी लगातार नरेंद्र मोदी सरकार को घोटाले पर घेरने की कोशिश की, मगर ब्रांड मोदी के सामने उसे चुनावी मुद्दा नहीं बना पाई। 2019 में कांग्रेस ने राफेल में करप्शन का मुद्दा उठाया। नोटबंदी में करप्शन के आरोप लगाये। अडानी और अंबानी के मुद्दे को चुनाव में उठाया, मगर मोदी मैजिक के सामने सारे वार फेल हो गये। 2024 से पहले कांग्रेस फिर अडानी और अंबानी के इर्द-गिर्द घूम रही है। इससे उलट इंडिया के कई नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच चल रही है।

**चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाये जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

**पहले किये सो बख्शहुं आगे करे न कोई कबीर कहे धर्मराय सौ नाम रटें मम सोई**
मेरी शरण में आने से पहले उन्होंने जो भी पाप किये हैं, मैं उन सब को माफ कर दूंगा। तुम उनका हिसाब मेरे पास ले आना। आप पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। तब भगवान कहते हैं
**ये करम भरम ब्रह्मण्ड के मैं पल में करहूं नेश जिन्ह हमरी दोही दई करो हमारे पेश**
कबीर भगवान ने धर्मराज (यम) से कहा, 'इस काल की दुनिया में अज्ञानता के कारण मेरी शरण में आने से पहले मेरे भक्तों ने जो भी पाप किये हैं, मैं उन्हें सेकंड में माफ कर दूंगा और आगे वह कोई पाप नहीं करेंगे। हे धर्मराज (यम) ! जो कोई मेरे मंत्र का जाप करेगा मैं उसके पापों को क्षमा कर दूंगा। उन लोगों का हिसाब तुम मत लेना जो आपसे कहते हैं कि हम कबीर साहेब के शिष्य हैं। उन्हें त्रिकुटी में मेरे स्थान पर भेज देना। मैं उनका हिसाब कर दूंगा। (त्रिकुटी में सभी का दूतावास है। इसी तरह एक कबीर परमेश्वर का है)।
**नोटः** यजुर्वेद अध्याय 8 मंत्र 13 इस बात का प्रमाण देता है कि परम अक्षर पुरुष / सत्यपुरुष / सर्वोच्च भगवान सच्चे भक्तों के घोर पापों को भी क्षमा कर देते हैं।
**शिवमंडल ब्रह्मापुरी चाहे विष्णुलोक में हो हमरे गुण भूले नहीं तो आन छुटाऊं तोह**
दयालु परमात्मा कबीर जी बताते हैं कि यदि मेरा कोई भी शिष्य गलती से भक्ति छोड़कर ब्रह्मा, विष्णु, शिव या काल की दुनिया में किसी अन्य स्थान पर चला जाता है और यदि वह स्वर्ग के भी सुख से विमुख होकर मुझे स्मरण करे तो मैं उस पवित्र आत्मा को वहाँ से भी मुक्त कर दूँगा।
*(क्रमशः)*

# विकास की मनभावन फाग विपक्ष का विषैला राग



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***राष्ट्रपिता*** महात्मा गांधी के चिंतन में स्वच्छता, ग्राम स्वराज, कृषि, पशुपालन, वंचितों का उत्थान आदि अनेक पहलू शामिल थे। वह देश को स्वतंत्र कराने के साथ ही साथ समरस और समृद्ध समाज का निर्माण भी चाहते थे, जिसमें किसी को भी जीवन की मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेलना ना पड़े। जब वह स्वच्छता की बात करते थे, तब उसमें निरोग विषय भी शामिल हुआ करता था। नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर नल से जल योजना शुरू की। यह अभियान सफल हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में इस अभियान को बहुत लाभदायक बताया है। उसने कहा कि इससे लाखों लोगों की जान बचाना सम्भव हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश चालीस वर्षों तक मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित था। योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ जल अपूर्ति सुनिश्चित की। स्वच्छता अभियान चलाया। इससे महामारी को समाप्त किया गया। बावजूद इसके विपक्ष का ताजा एलायंस कुआं पर राजनीति कर रहा है। कुछ दिन पहले इसके एक नेता ने राज्यसभा में काव्य पाठ किया। वह राजद के प्रवक्ता है। पढ़े-लिखे लोगों में शुमार हैं। उन्होंने किसी अन्य की कविता सुनाई- चूल्हा मिट्टी का/ मिट्टी तालाब की/ तालाब ठाकुर का/ भूख रोटी की/ रोटी बाजरे की/ बाजरा खेत का/ खेत ठाकुर का/ बैल ठाकुर का/ हल ठाकुर का/ हल की मूठ पर हथेली अपनी/ फसल ठाकुर की/ कुआं ठाकुर का/ पानी ठाकुर का/ खेत-खलिहान ठाकुर के/ गली-मोहल्ले ठाकुर के फिर अपना क्या?। इसके माध्यम से वह बिहार में अपनी पार्टी का जातीय समीकरण दुरुस्त करना चाहते थे। इस काव्य पाठ से लालू यादव भाव विभोर हो गए। कहा मनोज झा विद्वान आदमी हैं। उन्होंने सही बात कही है। आनंद मोहन ने कहा यदि मैं राज्यसभा में होता तो मनोज झा की जीभ खींचकर सभापति के आसन की तरफ उछाल देता। बिडम्बना देखिये मनोज झा उस पार्टी के हैं जिसके संस्थापक ने भूराबाल साफ करो को पार्टी का उद्देश्य बताया था। उसकी राजनीति एमवाई समीकरण पर आधारित थी। आज बिहार में जो ब्राह्मण- ठाकुर हो रहा है, वह तो राजद के समीकरण में शामिल ही नहीं है। ये वही नेता हैं जो बिहार के मंत्री द्वारा श्री रामचरित मानस पर अमर्यादित टिप्पणी पर मौन थे। एलायंस के अन्य दलों द्वारा हिन्दू धर्म को धोखा बताने, सनातन के उन्मूलन पर भी ये नेता विचलित नहीं हुए थे। यही इनकी राजनीति है। ये कूपमंडूक ही बने रहना चाहते हैं। सरकार स्वच्छ जल पहुंचा रही है। ये नेता ठाकुर का कुआं कविता में अटके हैं। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गई हैं। यह गठबंधन कुआं, जाति और मजहब से ऊपर ही नहीं उठ रहा। नमामि गंगे से प्रारंभ हुई यह यात्रा सिंचाई और पेयजल जैसी योजनाओं तक विस्तारित हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से जल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के प्रारम्भ के समय देश में जहां करीब सवा तीन करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल की आपूर्ति होती थी। अब करीब 12 करोड़ घरों में नल से जल की आपूर्ति हो रही है। इस मिशन से गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। इससे जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। इस योजना से पानी की बबार्दी रुकी है। साथ ही उसके दूषित होने की सम्भावना नगण्य हो गई है वर्ष 2015 में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' इस क्षेत्र में बड़ी पहल है। जल संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप यह योजना 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' सुनिश्चित करने के लिए सटीक-सिंचाई और जल संरक्षण तकनीक को अपनाने की परिकल्पना को साकार करती है। एक बार महात्मा गांधी काशी में श्रीविश्वनाथ धाम के दर्शन के लिए गये थे। उन्होंने वहां पर्याप्त स्वच्छता ना होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

**नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर नल से जल योजना शुरू की। यह अभियान सफल हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में इस अभियान को बहुत लाभदायक बताया है।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

सुलगता हुआ उत्साह चतुराई
और सतत प्रयास
यही वे गुण है जो सफलता के
लिए ज़रुरी होते हैं।

# न्यूजक्लिक पर तगड़ा फ्लिक

***विदेश*** से मिले फंड खास तौर पर चीन से मिले पैसों के खुलासे के बाद विवादों से घिरे इंटरनेट समाचार सूचना प्लेटफार्म देश के न्यूजक्लिक पर दिल्ली पुलिस ने तगड़ा फ्लिक किया है। दिल्ली पुलिस ने इससे संबद्ध नोएडा और गाजियाबाद समेत कुछ स्थानों पर दबिश दी है। इसके कर्ता-धर्ता यानी प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ हैं। पुरकायस्थ को इससे पहले दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 22 अगस्त को नोटिस भी दिया था। याचिका में अंतरिम आदेश वापस लेने की अपील की गई थी। अंतरिम आदेश में प्रबीर के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर प्रतिबंध लगाया गया था। दिल्ली पुलिस ने इस बार अपने रडार पर कई चर्चित पत्रकारों को लिया है। इनमें पुरकायस्थ के अलावा अभिसार शर्मा, उर्मिलेश, संजय राजौरा, भाषा सिंह, औनिंद्यो चक्रवर्ती और सोहेल हाशमी हैं। इसकी वजह यह है कि यह सभी न्यूजक्लिक से किसी न किसी तरह संबद्ध हैं। इनको कुछ न कुछ पैसे मिले हैं। दो साल पहले 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट ने सात जुलाई को प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार न करने का आदेश पुलिस को दिया था। मगर दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पुरकायस्थ को अधिकारियों के निर्देशों के मुताबिक जांच में सहयोग करना होगा। न्यूजक्लिक के वित्तपोषण की गूंज इस साल संसद के मानसून सत्र में हो चुकी है। सात अगस्त को लोकसभा में भाजपा के निशिकांत दुबे ने न्यूजक्लिक को मिलने वाली चाइना की फंडिंग का मुद्दा जोरशोर से उठाया था। यह वही दिन है जब राहुल गांधी सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे थे। दुबे ने कहा था कि देश में पड़ोसी देश के पैसे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूजक्लिक में पड़ोसी देश से पैसा आया। इस पर कांग्रेस ने काफी बवाल किया। आखिर में दुबे की टिप्पणी के कुछ अंश हटाये गये। विरोध की लपटें शांत न होने पर केंद्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर को सामने आना पड़ा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की 'नकली मोहब्बत की दुकान' में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे हैं।' अनुराग ठाकुर ने कहा था कि न्यूजक्लिक को कहां-कहां से पैसा मिला, इस सबकी जानकारी है। इनकी फंडिंग का जाल देखेंगे तो नेवल रॉय सिंघम ने इसको फंडिंग की। फंडिंग उसे चीन की ओर से आई। दिल्ली पुलिस की न्यूजक्लिक पर ताजा कार्रवाई को कांग्रेस को पच नहीं रही। तीन अक्टूबर दिन मंगलवार की यह कार्रवाई 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले पर आधारित है। इसमें धारा 153ए (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और धारा 120बी (आपराधिक साजिश) लगी हैं। यहां यह भी जानना जरूरी है कि न्यूजक्लिक के संबंध में न्यूयॉर्क टाइम्स ने विस्फोटक रिपोर्ट छापी थी। इसमें भी दावा किया गया था कि इस वेबसाइट को चीन से वक्त बे वक्त पर फंड मिलता है। इसके बाद यह भी आरोप लगे कि इस वेबसाइट को 'अमेरिकी टेक मुगल नेविल रॉय सिंघम' वित्त पोषित करते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि साल 2021 में जब भारत की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मनी लॉन्ड्रिंग के पुख्ता सबूतों के आधार पर न्यूजक्लिक के खिलाफ जांच शुरू की तो कांग्रेस और पूरे वाम उदारवादी पारिस्थितिकी तंत्र ने उसका बचाव किया। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले ईडी की जांच में पता चला था कि न्यूजक्लिक को चीन और विदेशी स्थानों से लगभग 38 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली। यह किसी से छुपा नहीं है कि नेविल रॉय सिंघम काफी उदार हैं। वह एनजीओ, शिक्षण संस्थानों और मीडिया संस्थानों को फंड करने को लेकर चर्चित हैं। 69 वर्षीय नेविल समाजवादी चिंतक और यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क में प्रोफेसर रहे आर्चिबॉल्ड डब्ल्यू सिंघम के बेटे हैं। 1991 में आर्चिबॉल्ड का निधन हुआ था। उन्हें आर्चि सिंघम भी कहा जाता था। आर्चि मूल रूप से श्रीलंका के रहने वाले थे।

**सात अगस्त को लोकसभा में भाजपा के निशिकांत दुबे ने न्यूजक्लिक को मिलने वाली चाइना की फंडिंग का मुद्दा जोरशोर से उठाया था। जब राहुल गांधी सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे थे।**

**देश-विदेश**

■ मुकुंद

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### अडोमिनिकन गणराज्य की उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** डोमिनिकन गणराज्य की उपराष्ट्रपति रकेल पेना रोड्रिग्ज ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान भारत और डोमिनिकन गणराज्य के बीच निरंतर आदान-प्रदान और संपर्क से द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर सहमति हुई। उपराष्ट्रपति रकेल पेना रोड्रिग्ज भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार सुबह नई दिल्ली पहुंची हैं। उपराष्ट्रपति रोड्रिग्ज की यह पहली भारत यात्रा है। डोमिनिकन उपराष्ट्रपति रकेल पेना रोड्रिग्ज ने राष्ट्रपति भवन में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। भारत में उनका स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस यात्रा का समय बहुत उपयुक्त है क्योंकि भारत और डोमिनिकन गणराज्य अपने राजनयिक संबंधों की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मधुर और मैत्रीपूर्ण हैं, जो लोकतंत्र के साझा मूल्यों की मजबूत नींव और वैश्विक मुद्दों पर विचारों के व्यापक मेल पर आधारित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि डोमिनिकन गणराज्य लैटिन अमेरिका में भारत का 8वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि व्यापार बास्केट में और विविधता लाने की संभावना है। मुर्मू ने कहा कि फार्मास्युटिकल उत्पादों, समुद्री विज्ञान, मौसम विज्ञान, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे और डिजिटल भुगतान प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में एक साथ काम करने और हमारे अनुभव एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की गुंजाइश है।

### राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो जवान घायल

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सूम और ब्रोह गांव के जंगली इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सेना के दो जवान घायल हो गए। सोमवार को भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने आतंकियों की मौजूदगी के संदेह में सूम और ब्रोह गांवों के जंगली इलाकों की घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। बताया गया है कि इस दौरान सोमवार देरशाम आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान रात तक भीषण गोलीबारी जारी रही। इसमें सेना के दो जवान घायल हो गए। दोनों को राजौरी के सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया।

### कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई का काफिला दुर्घटनाग्रस्त, 7 घायल



**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई का काफिला उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जब वह मंगलवार को कछार जिले में एक पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, कांग्रेस नेता को कोई चोट नहीं आई क्योंकि टक्कर होने से पहले ही उनका वाहन गुजर गया था। पुलिस ने बताया कि लगभग 100 वाहन सांसद गोगोई और अन्य कांग्रेस सदस्यों को कछार जिले के कुम्भीरग्राम हवाई अड्डे से सिलचर के कांग्रेस भवन तक ले जा रहे थे, तभी काफिले में से एक वाहन को उसी राजमार्ग पर एक वाहन ने टक्कर मार दी। काफिला तेज गति से यात्रा कर रहा था, तभी एक कार अचानक काफिले के एक वाहन के सामने आ गई और उसी लेन में अन्य वाहनों से टकरा गई। टक्कर में शामिल वाहनों में से एक में सवार कुछ महिलाओं सहित सात कांग्रेस सदस्यों को चोट लगी है। पूर्व मंत्री अजीत सिंह उन लोगों में से एक थे जिन्हें मामूली चोटें आईं। इस घटना में गोगोई को चोट नहीं आई

# देश का गरीब ही सबसे बड़ी जाति : पीएम

**एजेंसी। जगदलपुर/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर देश को जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश का गरीब ही सबसे बड़ी जाति है और उसके कल्याण के लिए काम करना ही उद्देश्य। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि जितनी आबादी, उतना हक। मैं कहता हूं इस देश में अगर कोई सबसे बड़ी आबादी है तो वह गरीब है। इसलिए मेरे लिए गरीब ही सबसे बड़ी आबादी है और गरीब का कल्याण ही मेरा मकसद। छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर जगदलपुर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यहां भाजपा की परिवर्तन संकल्प रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का होने संबंधी बयान को दोहराते हुए कहा कि अब कांग्रेस कह रही है कि समुदाय की आबादी तय करेगी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार किसका होगा। प्रधानमंत्री ने सवालिया लहजे में कहा कि तो अब क्या वे (कांग्रेस) अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कम करना चाहते हैं? क्या वे अल्पसंख्यकों को हटाना चाहते हैं? इसका अर्थ यह हुआ कि हिंदुओं का ही हक है, मुसलमान का कोई हक नहीं है क्योंकि वह अल्पसंख्यक हैं। मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस को उसके नेता नहीं बल्कि वे लोग चला रहे हैं जो देश विरोधी ताकतों से मिले हुए हैं। कांग्रेस के बड़े नेता मुंह पर ताला लगा कर बैठे हैं और परदे के पीछे बैठे लोग देश विरोधी ताकतों से मिले हुए हैं। इनका मकसद हिंदुओं को सता कर देश को तबाह करना है। उन्होंने कहा कि गरीबों में आत्मविश्वास जगाने की केंद्र की योजनाएं बनाई गई। देश के गरीबों का भला ही देश का भला है। कांग्रेस ने आजतक नहीं बताया कि उसने दूसरे देश के साथ क्या गुप्त समझौता किया। कांग्रेस को देश की बुराई करने में ज्यादा मजा आता है। असल में उसका भारत प्रेम कम हो गया है। हमें कांग्रेस और उसके सहयोगियों की नई साजिश से सतर्क रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि दलित, पिछड़ा, आदिवासी या सामान्य वर्ग से से भी कोई गरीब हो तो उसकी चिंता करना उनकी सरकार का काम है और इसी से देश बदलेगा। कांग्रेस जातियों के बीच बैर बढ़ाना चाहती है। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और अपराध को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है। राज्य इन दो मोर्चों पर राजस्थान से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। कांग्रेस ने 'लोकतंत्र' को 'लूटतंत्र' और 'प्रजातंत्र' को 'परिवारतंत्र' बना दिया है। भाजपा सरकार बनते ही पीसीएस घोटाले की जांच होगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने सिर्फ पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ की जो हालत कर दी है, उसे पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस के विधायक और मंत्रियों ने जो कारनामे यहां किए हैं, उससे हर कोई त्रस्त है। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा, कभी-कभी लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में स्पर्धा चल रही है कि कहां सबसे ज्यादा हत्याएं होती है, कहां सबसे ज्यादा लूट होती है, कहां सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास या तो पोस्टरों और बैनरों में दिखता है, या तो कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में दिखता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को सिर्फ झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार दी है। इसलिए आज छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है, अउ नइ सहिबो बदल के रहिबो। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर बस्तर की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि दशकों तक इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई। मोदी ने कहा कि ये कांग्रेसी स्टील प्लांट को अपने बच्चों और रिश्तेदारों की तिजोरियां भरने का माध्यम बनाना चाहते हैं। लेकिन मोदी ऐसा नहीं होने देगा क्योंकि स्टील प्लांट के मालिक बस्तर के लोग हैं। मैं किसी भी कांग्रेसी नेता को इस इस्पात संयंत्र का मालिक नहीं बनने दूंगा।

# काशी में डेंगू का प्रकोप

**आरएनएम। वाराणसी**

काशी में इन दिनों डेंगू ने कहर मचा दिया है। मौसम में बदलाव और मच्छरों की भरमार व प्रकोप से वायरल फीवर , डेंगू, चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग हर घर में कोई न कोई बीमार है। डॉक्टर लोगों को जांच कराने की सलाह दे रहे हैं। स्थिति यह है कि जिला अस्पताल में डेंगू की रिपोर्ट के लिए लोगों को दो से तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके कारण बहुत से लोगों की दवा भी नहीं शुरू हो पा रही है। जिले के सरकारी अस्पतालों में डेंगू वार्ड से लेकर अन्य वार्ड मरीजों से भरे पड़े हैं। इसमें कुछ लोगों को डेंगू है, तो कोई तेज बुखार, जोड़ों में दर्द और सिरदर्द का अस्पतालों में इलाज करा रहा हैं। मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा, जिला अस्पताल में जहां अगस्त महीने में 1000 से 1200 मरीज पहुंचते थे, वहीं सितंबर के पहले सप्ताह से अब तक यह संख्या 1500 से 1700 हो गई है। शास्त्री अस्पताल रामनगर में भी हर दिन 1000 से 1200 मरीज आ रहे हैं।

#### जिला अस्पताल में 500, बीएचयू में 200 से अधिक सैंपल की जांच

जिले में केवल दीनदयाल अस्पताल और बीएचयू में ही डेंगू के सैंपल की जांच की सुविधा है। इसमें दीनदयाल अस्पताल में हर दिन 500 से अधिक सैंपल आ रहे हैं। इसमें कुछ लोग खुद जाकर सैंपल दे रहे हैं, जबकि कुछ अन्य सरकारी अस्पतालों से आ रहे हैं। आईएमएस बीएचयू के माइक्रोबायोलॉजी लैब में भी हर दिन 200 से ज्यादा सैंपल आ रहे हैं। यहां तो वाराणसी के अलावा आसपास के जिलों से भी आने वाले सैंपल की जांच रिपोर्ट देनी होती है।

इसमें आधे से अधिक वायरल फीवर और डेंगू से ग्रसित हैं। डॉक्टर की सलाह पर लोग अपना सैंपल तो सरकारी अस्पताल की लैब में दे रहे हैं ,लेकिन इसकी रिपोर्ट उन्हें दो से तीन दिन बाद ही मिल रही है। अस्पताल की ओर से लैब में सैंपल अधिक आने को वजह बताई जा रही है।

# नेपाल, दिल्ली, उप्र और कई राज्यों में भूकंप के झटके

**आरएनएम। नई दिल्ली**

दिल्ली एनसीआर में भूकंप के जोरदार झटके महसूस होते ही बहुत से लोग घर से बाहर निकल आये। चौदह से बीस मंज़िल ऊंची बिल्डिंग में रहने वालों की तो हालत खराब हो। मंगलवार तीन अक्टूबर को दोपहर लगभग 2.51 बजे आए भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गई। इसका केंद्र नेपाल के दिपायल में था। इससे पहले नेपाल में दोपहर 2.25 मिनट पर भी भूकंप का झटका महसूस किया गया था, इसकी तीव्रता 4.6 मापी गई थी। भूकंप के झटके दिल्ली, उप्र सहित कई राज्यों में महसूस किए गए। बीते जून में भी जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस तरह कुछ समय से भारत, नेपाल, पाकिस्तान, भूटान के पहाड़ी इलाकों में भूकंप के झटके बार-बार आ रहे हैं। विशेषकर हिमालयन रेंज में तो लगातार झटके महसूस किए जा रहे हैं। इसको लेकर आईआईटी कानपुर के शोध के अनुसार, भारत के हिमालयी राज्यों में कभी भी भयावह भूकंप आ सकता है। यह भूकंप 1505 व 1803 में आए भूकंप जैसा हो सकता है। इस बारे में आईआईटी कानपुर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर व जियोसाइंस इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ प्रो. जावेद एन मलिक का कहना है, 'हिमालय रेंज में टेक्टोनिक प्लेट अस्थिर हो गई है। इसके चलते अब लंबे समय तक इस तरह के भूकंप आते रहेंगे। इस बार आए भूकंप का भी यह एक बड़ा कारण है। ये झटके हिमालयन रेंज पर आते हैं। जम्मू कश्मीर, लद्दाख, नेपाल, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में आने वाले भूकंप का असर कई बार दिल्ली एनसीआर और आसपास के राज्यों में भी देखने को मिलता है। प्रो. जावेद मलिक का कहना है कि वह और उनकी टीम लंबे समय से भूकंप को लेकर अध्ययन कर रही है। इसमें भारत के लिए एक तरह की चिंताजनक स्थिति बन रही है। यदि लोग सोच रहे हैं कि भारत में बड़े भूकंप नहीं आएंगे तो वह गलत हैं।

- **भारत के हिमालयन रेंज में बड़े भूकंप की आशंका :** हिमालयन रेंज यानी नेपाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बड़ा भूकंप आ सकता है। इसकी तीव्रता 7.8 से 8.5 के बीच रह सकती है। यह बड़ा खतरा है। इसके लिए हर संभव सुरक्षा की तैयारी करनी होगी।
- **भूकंप के समय में प्रवेश कर चुका है भारत :** भारत भूकंप की साइकिल जोन में पहले से ही प्रवेश कर चुका है। इसका मतलब यह है कि हम लोग उस टाइमलाइन में दाखिल हो चुके हैं, जब कभी भी किसी भी समय हिमालयन रेंज में भयावह भूकंप के झटके आ सकते हैं। हिमालय भी इस ओर इशारा कर रहा है।'
- **हिमालयन रेंज में भूकंप का असर पूरे उत्तर भारत में दिखेगा :** मलिक का कहना है कि जब भी हिमालयन रेंज में भूकंप के झटके आएंगे, तब उसका असर पूरे उत्तर भारत में देखने को मिलेगा। फिर समतल जगह ही क्यों न हो। वहां भी गंभीर असर होगा। उत्तराखंड में खासतौर पर गढ़वाल और कुमाऊं वाले इलाके रेड जोन में हैं। ये इलाके भूकंप के केंद्र हो सकते हैं।
- प्रो. मलिक ने पुराने भूकंप के झटकों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, 1505 और 1803 में उत्तराखंड में तीव्र भूकंप आ चुका है। 1505 में आए भूकंप का उल्लेख अकबरनामा और बाबरनामा में भी है। उस दौरान काफी नुकसान हुआ था। इसी तरह 1803 में भी तीव्र भूकंप आया था। जिसका असर दिल्ली एनसीआर, मथुरा तक देखने को मिला था। उस समय भी बहुत नुकसान उठाना पड़ा था।

# विदेशी फंडिंग: न्यूज क्लिक से जुड़े 30 ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज क्लिक वेबसाइट से जुड़े पत्रकारों के 30 से अधिक ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी कर साक्ष्य जुटाए हैं। यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर में स्थित परिसरों में की गई है। छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य समेत कई मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। आरोप है कि न्यूज क्लिक ने विदेशी फंडिंग के जरिए अवैध रूप से पैसे जुटाए हैं। वेबसाइट पर चीन से फंडिंग लेकर खबरों के माध्यम से भारत विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप है। इस मामले में केस दर्ज हुआ था। इसे पहले ईडी भी छापेमारी कर चुकी है। सैदुलाजाब 275 वेस्ट एंड मार्ग पर स्थित न्यूज क्लिक के दफ्तर पर लगातार दिल्ली पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि न्यूज क्लिक के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसी की यह कार्रवाई किसी मीडिया संगठन पर होने वाली अपनी तरह की पहली कार्रवाई है। इस छापेमारी से पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने न्यूजक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था, जिसमें न्यूज पोर्टल पर विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन करते हुए विदेशी फंडिंग प्राप्त करने का आरोप लगाया गया था।

#### न्यूज क्लिक से जुड़ा क्या है मामला

डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म न्यूज क्लिक के ऊपर विदेशी फंडिंग का केस दर्ज हुआ है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल से पहले ईडी भी न्यूज क्लिक के ऑफिस और इससे जुड़े लोगों के यहां छापेमारी कर चुकी है। ईडी ने बताया था न्यूज क्लिक को विदेशों से लगभग 38 करोड़ रुपए की फंडिंग हुई थी। जिसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2005 से 2014 के बीच कांग्रेस को भी चीन से बहुत सारा पैसा मिला है। इतना ही नहीं गत दिनों न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में भी बताया गया था कि न्यूज क्लिक को विदेशी फंडिंग से करोड़ों रुपए मिले थे।

### चंद्रबाबू नायडू को अंतरिम राहत नहीं, 9 को याचिका की होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तेलुगु देशम पार्टी सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। चंद्रबाबू नायडू कथित कौशल विकास निगम घोटाले से जुड़े मामले में सलाखों के पीछे हैं। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने मामले को 9 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया। इसी बीच पीठ ने राज्य सरकार से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष दायर सभी दस्तावेजों का संकलन पेश करने को कहा है।


## FILMY हलचल

### मोना सिंह, राजेश तैलंग गैंगस्टर ड्रामा सीरीज 'पान पर्दा जर्दा' में आएंगे नजर



**एक्ट्रेस** मोना सिंह, राजेश तैलंग, प्रियांशु पेन्युली और तान्या मानिकतला समेत कई अन्य कलाकार अपकमिंग गैंगस्टर ड्रामा सीरीज 'पान पर्दा जर्दा' में नजर आएंगे। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, गैंगस्टर ड्रामा सीरीज मध्य भारत में अवैध अफीम तस्करी की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसे जियो स्टूडियोज ने रिलायंस एंटरटेनमेंट और ड्रीमर एंड डूअर्स कंपनी के सहयोग से निर्मित किया है। प्रिंसिपल फोटोग्राफी पान पर्दा जर्दा पर शुरू हो गई है। कलाकारों में तन्वी आजमी, सुशांत सिंह और मनु ऋषि भी शामिल हैं। 'वैरायटी' की रिपोर्ट के अनुसार, सह-निर्देशक गुरमीत सिंह और शिल्पी दासगुप्ता, शोरनर मृगदीप सिंह लांबा और लेखक सुपर्ण एस वर्मा, हुसैन दलाल, अब्बास दलाल, राधिका आनंद और विभा सिंह के बीच एक सहयोग है। सिंह ने कहा, हम जियो स्टूडियोज के सहयोग से 'पान पर्दा जर्दा' के साथ एक बिल्कुल नई यात्रा शुरू करने को लेकर उत्साहित हैं। सीरीज में यूनिक कलर और टेक्सचर है, यह मध्य भारत में अवैध अफीम तस्करी की पृष्ठभूमि पर आधारित प्रेम कहानी, एक्शन, पारिवारिक नाटक के तत्वों से भरपूर मनोरंजन है।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत 'योद्धा' अब 8 दिसंबर को होगी रिलीज



**अभिनेता** सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म 'योद्धा' की रिलीज डेट बदल गई है। अब यह 15 दिसंबर को अपनी निर्धारित रिलीज से एक सप्ताह पहले 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिद्धार्थ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म निमार्ता करण जौहर की एक पोस्ट साझा की और लिखा, हम 8 दिसंबर 2023 को योद्धा को सिनेमाघरों में उतारने के लिए तैयार हैं।" करण ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हम 8 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।" फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पटानी और राशि खन्ना हैं। इसका निर्देशन नवोदित निर्देशक जोड़ी सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा द्वारा किया जा रहा है। यह धर्मा प्रोडक्शंस और शशांक खेतान की मेंटर डिसिपल फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

### जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होगी 'ओएमजी 2'




**बॉलीवुड** एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'मिशन रानीगंज' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। अक्षय कुमार इससे पहले अगस्त में रिलीज हुई 'ओएमजी 2' में नजर आए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। अब जो दर्शक 'ओह माय गॉड 2' सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, वे अब घर पर फिल्म का आनंद ले सकते हैं। जल्द ही 'ओएमजी 2' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नजर आएगी। 'ओएमजी 2' 2012 की 'ओह माय गॉड' का आधिकारिक सीक्वल है। पिछली बार इसका निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था। इसके सीक्वल का निर्देशन अमित राय ने किया है। 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी 'ओएमजी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। खुशी की बात है कि अब 'ओएमजी 2' नेटफ्लिक्स के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इस फिल्म को दर्शक 8 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी घोषणा हाल ही में नेटफ्लिक्स के सोशल मीडिया हैंडल पर की गई थी। 'ओएमजी 2' एक ऐसी फिल्म है जो यौन शिक्षा जैसे गंभीर विषयों पर आधारित है। अपने विषय के कारण फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट हासिल करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा 'ओएमजी 2' और सनी देओल की 'गदर 2' एक ही दिन रिलीज हुई थी। इतनी बड़े बजट की फिल्म होने के बावजूद 'ओएमजी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। फिल्म में अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

## रणनीति

### पूर्वी लद्दाख में निगरानी रख रही है भारतीय वायुसेना

# जुटा रही है खुफिया जानकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय वायुसेना चीन से लगी सीमा पर विशेष चौकसी बरतते हुए लगातार निगरानी कर रही है। खासकर पूर्वी लद्दाख में वायुसेना द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर निगरानी की जा रही है। भारतीय वायु सेना ने मंगलवार को दिल्ली में यह जानकारी दी। वायु सेना अध्यक्ष, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायुसेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है। खासकर पूर्वी लद्दाख में लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही माध्यमों से सीमा पर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। हमारी परिचालन योजनाएं गतिशील हैं और विकासशील स्थितियों के अनुसार बदलती रहती हैं। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बताया कि वायुसेना 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस मार्क 1ए खरीदने की अपनी योजना पर आगे बढ़ रही है। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल चौधरी ने यह भी बताया कि भारतीय वायुसेना को रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन यूनिट मिलीं। वायुसेना को अगले साल तक मिसाइल सिस्टम की शेष दो और यूनिट मिलने की उम्मीद है। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को यह भी कहा कि भारतीय वायु सेना अगले सात-आठ वर्षों में 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपये के सैन्य प्लेटफॉर्म, उपकरण और हार्डवेयर को शामिल करने पर विचार कर रही है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अनिश्चित जियोपॉलिटिकल स्थिति ने एक मजबूत सेना की आवश्यकता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत को प्रदर्शित करने का आधार बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अग्निपथ योजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए वायुसेना ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। थिएटराइजेशन योजना पर उन्होंने कहा कि इस पर काम चल रहा है। वायु सेना अध्यक्ष यहां मंगलवार को दिल्ली में, 8 अप्रैल को होने वाले वायु सेना दिवस की तैयारी के संबंध में जानकारी दे रहे थे। इस दौरान बताया गया कि 8 अक्टूबर को वायु सेना दिवस का अवसर प्रयागराज निवासियों के लिए यादगार रहेगा। वायु सेना दिवस के मौके पर प्रयागराज में वायु सेना द्वारा अपने शौर्य का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। यहां प्रयागराज में एशिया का सबसे बड़ा एयर शो होगा। जिसमें सेना के कई विमान अपना करतब दिखाएंगे।

## गागर में सागर

### जेएन कॉलेज के छात्रों ने की तालाबंदी



**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर महाविद्यालय (जेएन कॉलेज) के मुख्य गेट में मंगलवार को छात्रों ने तालाबंदी की। आक्रोशित छात्र कॉलेज के एंथ्रोपॉलजी के एचओडी प्रोफेसर रवि भूषण साहू पर कार्रवाई की मांग को लेकर तालाबंदी की है। साहू पर आरोप है कि वह कॉलेज के महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लंबे समय से लगातार दुर्व्यवहार और शारीरिक शोषण कर रहे हैं। इस संबंध में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने महिला थाना ,राजभवन, रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, वीसी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। लेकिन प्रोफेसर रवि भूषण साहू के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों ने तालाबंदी की। पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशित छात्रों को समझ रही है।

### अनियंत्रित ट्रक ने बीच सड़क पर लगे लोहे के बिजली पोल में मारी टक्कर



**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू मोड़ के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने मंगलवार सुबह बीच सड़क पर लगे हुए लोहे के बिजली पोल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का लोहे का पोल बीच से टूटकर दो भाग में बंट गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना घटने से बच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली की सप्लाई कटवाया। इसके बाद पहले दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोका । घटना के समय सड़क पर सबसे ज्यादा स्कूली बसें गुजर रही थीं। घटना की वजह से लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय तक बरियातू रोड जाम रहा। कई स्कूल बसें जाम में फंसी रही। सड़क से बिजली का तार हटाने के बाद यातायात सामान्य हो सका। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी फरार हो गये ।

### लायंस क्लब ने 200 बालिकाओं के बीच बांटे सेनेटरी पैड



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने कांके स्थित बिरसा उच्च विद्यालय के 200 बालिकाओं के बीच मंगलवार को सेनेटरी पैड का वितरण किया। संस्था की ओर से बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 200 सेनेटरी पैड का वितरण किया। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन आशुतोष द्विवेदी और राजीव रंजन, नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा,पूर्व अध्यक्ष रतन अग्रवाल, स्कूल की प्राचार्या सुषमा तिवारी,सोनू कुमार, नरेश कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### 70 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का किया गया आयोजन

# श्री श्याम मंदिर में सैकड़ों भक्तों ने सामूहिक रूप से संगीतमय किया पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मंदिर में 70 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने सुंदकर कांड का पाठ किया। दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 70 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 70 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। मंडल के सदस्य अमित सरावगी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। मंडल के अमित सरावगी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई । सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया ।

#### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

7 अक्टूबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 82 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा ।मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है । उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद भी आंखों की समस्या नहीं हुई दूर

**रांची।** आयुष्मान भारत योजना के तहत मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बावजूद 600 लोगों के आंखों की रोशनी में सुधार नहीं हुआ। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के निर्देश पर बीमा कंपनी ने मेडिकल ऑडिट करने के बाद झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी को इसकी जानकारी दी है। फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर ऑपरेशन के अलावा स्टेट सोसाइटी द्वारा फॉलो अप के प्रावधान को बदल दिया जाना मुख्य कारण माना जा रहा है। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के अनुसार, मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीजों का मेडिकल ऑडिट करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के आलोक में बीमा कंपनी पर मरीजों का मेडिकल ऑडिट करने की बाध्यता है। बीमा कंपनियों द्वारा मेडिकल ऑडिट के लिए अस्पतालों द्वारा उपलब्ध कराये गये मरीजों के ब्योरे का इस्तेमाल किया जाता है। मेडिकल ऑडिट के दौरान बीमा कंपनियां मरीजों को फोन कर यह जानना चाहती हैं कि ऑपरेशन के बाद आंख की रोशनी बढ़ी है या नहीं। ऑपरेशन के बाद कोई समस्या पैदा हुई है या नहीं। बीमा कंपनी द्वारा किये गये ऑडिट में 600 से अधिक लोगों ने ऑपरेशन के बावजूद आंख की रोशनी में सुधार नहीं होने की शिकायत की। कुछ मरीजों ने ऑपरेशन के बाद पहले के मुकाबले रोशनी कम होने के अलावा आंख में जलन होने की शिकायत की।

## नवनिर्वाचित सदस्यों को दी गई बधाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, प्रवक्ता संजय सर्राफ, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने मारवाड़ी सहायक समिति के सत्र 2023-2025 के निर्वाचन में विजयी हुए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मनोज चौधरी एवं उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आपके कुशल नेतृत्व में मारवाड़ी सहायक समिति का चौमुखी विकास हो एवं समिति प्रगति के पद पर अग्रसर रहे तथा सामाजिक कार्यों में भी तेजी आएगी। मनोज चौधरी अग्रवाल सभा के सचिव पद पर भी आसीन हैं। उनकी टीम में विजयी हासिल करने वालों में उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया, एवं कौशल राजगढ़िया,सचिव रमन बोढा, उप सचिव अजय डीडवानिया एवं विजय कुमार खोवाल, कोषाध्यक्ष किशन कुमार पोद्दार, एवं 20 कार्यकारणी सदस्य शामिल है।

### अलबर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक कराया गया जाम मुक्त

**रांची।** शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को जाम से मुक्त करने के लिए मंगलवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद सड़कों पर उतरे। अलबर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक एसएसपी के नेतृत्व में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों से जुमार्ना वसूला गया। साथ ही उनके साथ सामान भी जब्त किए गए। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानदारों की मनमानी नहीं चलेगी। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस का विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। शहर में एक साथ कई इलाकों में अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने सभी थानेदारों को अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

### स्थापना दिवस पर एसआईपी अबेकस ने किया बच्चों को सम्मानित

**रांची।** रांची मेन रोड ओवरब्रिज स्थित जीनियस किड्स प्ले स्कूल का 12वां और एसआईपी अबेकस का 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। ये कार्यक्रम गुरुनानक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आचार्यकुलम स्कूल की प्रिंसिपल सुजाता गोरा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के रोशन मौजूद रहे। उन्होंने सभी बच्चों को कन्वोकेशन डिग्री देकर सम्मानित किया। इस मौके पर 1000 बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और पेरेंट्स के लिए कई रोचक गेम्स भी रखे गये थे। साथ ही छोटे बच्चों के डांस और फैंसी ड्रेस सबके लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अबेकस के बच्चों के लिए सेंटर लेवल की प्रतियोगिता परीक्षा भी आयोजित की गई। इसमें 12 बच्चे चैंपियन बने। जबकि 70 फर्स्ट रनर अप और 100 बच्चे सेकंड रनर अप हुए। बच्चों के अभिभावक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता हो से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है।


**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**राजसात वाद संख्या-71/2023**

नोटिस

बनाम्
अन्सारूल हक पिता-नसिमुल हक,
सा0-ताबर, थाना-सतबरवा, जिला-पलामू। :- विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में बरवाडीह थाना काण्ड संख्या-40/2021 दिनांक 21.05.2021 में जप्त ट्रक रजि0 नं0-CG13L-8300 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। इस न्यायालय से नोटिस निर्गत होने के बावजूद भी आप अनुपस्थित है।
अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.10.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 308197 District(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DWSD/GAR-RM-14/2023-24, दिनांक-22.09.2023 द्वारा नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य जो PR No. 307661 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

नोट - (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।

| क्र0 | कार्य का नाम | पूर्व में प्रकाशित | | | | संशोधित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
| 1 | नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य | GAR/RM-02 | 1,38,778.00 | 3000.00 | 500.00 | 2,77,557.00 | 6000.00 | 750.00 |

(iii) यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.308151 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



**उपायुक्त का कार्यालय, पलामू**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**-: आम सूचना :-**

पलामू जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत वितीय वर्श 2023-24 के लिये जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा- वृद्धों, दिव्यांगों, भूमिहीनों, बंधुआ मजदूरों से मुक्त कराये गये लोगों तथा भिक्षुकों को जाड़े में ठंड से बचाव हेतु मुफ्त कम्बल वितरण के तहत ऊनी कम्बल का क्रय GeM Portal के माध्यम से करने हेतु निविदा का प्रकाशन GeM Portal पर किया गया है, जिसका Tender Reference No.-4021408/दिनांक 28.09.2023 है।

| क्र0 | सामग्री का नाम | साईज | वजन | प्रतीक चिन्ह Woolen Plain Size |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कम्बल Woolen Plain Size | शुद 90'x60' (न्यूनतम) | शुद 2 kg (न्यूनतम) | झारखण्ड सरकार<br>महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड, रांची |

निविदादाता उपरोक्त GeM Portal से कम्बल क्रय हेतु ऑनलाईन तकनीकी निविदा की शर्ते एवं विस्तृत विवरणी GeM Portal एवं पलामू के बेवसाईट https://gem.gov.in or www.palamu.nic.in पर दिनांक 09/10/2023 (अपराह्न 05.00 बजे तक) तक प्राप्त कर सकते है।

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू

PR 308184 District(23-24)#D



**समाहरणालय, चतरा** (पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ज्ञापांक-354/खेल, चतरा दिनांक-29.09.2023 के द्वारा प्रकाशित आम सूचना PR 308032, TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS AND YOUTH AFFAIRS(23-24)D को आंशिक संशोधन करते हुए पुनः पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, अन्तर्गत खेल कूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, चतरा द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय "ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता-2023 का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम,चतरा में दिनांक 07.10.2023 को किया जाना निर्धारित है। उक्त प्रतियोगिता अन्तर्गत जिला स्तर पर निम्नांकित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

1. गुलेल 2. मटका दौड़ 3. भार दौड़ 4. तीरंदाजी 5. गेड़ी दौड़ 6. सेकोर।

| क्र0सं0 | प्रतियोगिता का स्तर | आयोजन की तिथि | आयोजन स्थल | आयु | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जिला स्तर | 07.10.2023 | जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा | 14-40 वर्ष (महिला/पुरूष) | |

इच्छुक प्रतिभागी अपना निबंधन दिनांक 06.10.2023 तक जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय चतरा में करा सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा का हेल्पलाईन नंबर पर संपर्क कर अथवा www.chatra.nic.in के वेबसाईट पर या कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
जिला खेल कार्यालय, चतरा हेल्पलाईन नम्बर 8083771175, 7870238999, 9304119683

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी
चतरा

PR 308140 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्री सुनील कुमार चौबे, सिंधिताली, चपरी, भवनाथपुर, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा राज्य सम्पोशित योजना अन्तर्गत टढ़हे से गैसाटांड पथ का निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 13.02.2019 एवं कार्य पूर्णता की तिथि 12.02.2020 था। उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बे समय से आपके द्वारा बन्द रखने के कारण इस कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति का ज्ञापांक 150 दिनांक 09.02.2022 एवं ज्ञापांक 342 दिनांक 24.03.2022 तथा निबंधित पत्र का पत्रांक 449 दिनांक 29.06.2021 एवं पत्रांक 100 दिनांक 29.01.2022 द्वारा सूचित करने के बावजूद भी आपके द्वारा अवशेश कार्य को पूर्ण नही करने के कारण वर्णित कार्य का अंतिम मापी का तिथि 12.04.2022 को निर्धारित किया गया था परन्तु उक्त तिथि को आपके अनुपस्थिति में अंतिम मापी की गई थी। दिनांक 24.11.2022 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेश सचिव ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा उक्त कार्य का एकरारनामा को बन्द करने का प्राप्त निर्देश के अनुपालन में पुनः दिनांक 25.09.2023 को अंतिम मापी का तिथि निर्धारित की गई, परन्तु उक्त तिथि को भी आपके प्रतिनिधि या आप स्वंय के अनुपस्थिति में ही अंतिम मापी ली गई, तथा आपके द्वारा की गई एकरारनामा को बन्द करते हुए विखण्डित करने की कार्रवाई की जा रही है, इस संबंध में आपको यदि अपना कोई तथ्य प्रस्तुत करना है तो सात दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करे, अन्यथा एकरारनामा को विखण्डित कर दी जायेगी, जिसकी सारी जिम्मेवारी आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 308135 (Rural Development)23-24*D


## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड में 8 अक्टूबर तक...**
के साथ वज्रपात की आशंका जताते हुए अलर्ट जारी किया है। बता दें बीते कुछ दिनों से राज्यभर में जमकर बारिश हो रही है। इस बीच कई जगहों पर वज्रपात भी हुए। जिसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हुए तो कई लोगों ने अपनी जान गंवाई। राजधानी रांची में इन दिनों लगातार रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है जिसकी वजह से सड़कों पर पर नालों का पानी बहने लगा है। इससे लोगों को काफी परेशानी भी हो रही है। अब विभाग ने 6 से लेकर 8 अक्टूबर तक भारी बारिश की संभावना है। इधर, राज्य में आने वाले दिनों मौसम के मिजाज को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों से सावधान और सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि तेज बारिश के समय पेड़ों के नीचे जाने से बचे, बिजली के खंभों से दूरी बनाए, बारिश के दौरान मेघ गर्जन हो रही हो उस वक्त फोन का इस्तेमाल ना करने समेत कई बातों को लेकर लोगों से अपील की है।

**राज्य के किन हिस्सों में कितनी हुई बारिश :** राज्य में पिछले 24 घंटे में कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। सबसे अधिक 191.5 मिलीमीटर बारिश गढ़वा के भवनाथपुर में हुई। सरयू में 130, हजारीबाग में 126, केतार में 120, बरडीहा में 114.2, शियालचक में 98.5, लातेहार में 92.6, कांके में 84.4, बोकारो में 76.6, बोकारो थर्मल में 75.6, धुरकी में 2.5 और चंद्रपुरा में 68 मिलीमीटर बारिश हुई। डालटनगंज में 62.8, कांडी में 62.7, डुमरी में 60, नंदडीह में 59.6, मांडू में 58.7 और तुलाडीह में 56.3 मिलीमीटर बारिश हुई। इस दौरान रांची में भी 46.4 मिलीमीटर बारिश हुई। खलारी में 44.2, गढ़वा में 44,रामगढ़ में 43.2, तोरपा में 40.2, रामगढ़ में 43.2 बरही में 36.6, मांडर में 36.2, तिलैया में 34, बबोकारो में 23, सिमडेगा में 18.5 और सहेबगंज में 3.5 मिलीमीटर बारिश हुई।

**जल्द कई विभागों में बड़ी...**
गए हैं। आपसे इस राज्य के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। आप पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। जनता की समस्याओं का समाधान पूरी संवेदनशीलता के साथ करें। आप सभी के सहयोग से राज्य को हम आगे ले जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर सरकार तेजी से कार्य कर रही है। आप लोगों के साथ सरकार के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि, सरकार के पास जो अधिकारियों-कर्मियों की कमी है, वह धीरे-धीरे पूरी हो रही है। अभी कुछ क्षेत्रों में झारखंड आगे है। इस राज्य में क्षमता और दक्षता की कमी नहीं है। बस थोड़ा सा प्रयास करने की आवश्यकता है। इससे निश्चित रूप से इस राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में भी खड़ा किया जा सकता है। इसी उम्मीद के साथ आप सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**लोकतंत्र के ध्वजवाहक हैं...**
शासन किया गया था, लेकिन तीस वर्षों से अनवरत यहां लोकतंत्र कायम है। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि भारत में लगातार 75 वर्षों से लोकतंत्र के रूप में कायम है और विश्व के सबसे बड़े जनसमुदाय के रूप में अपनी पूरी विविधता के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान के योगदानों की भी चर्चा की। उन्होंने जिक्र करते हुए कहा कि कोफी अन्नान घाना के ही थे। झारखंड के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ विश्व का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा संसदीय राष्ट्रों का गठबंधन है। पूरे विश्व में संसदीय व्यवस्था को और कारगर व लोक हितकारी बनाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो 6 दिनों के इस सम्मेलन में तीन विषयों पर अपने वक्तव्य विश्व पटल पर रखेंगे। बता दें कि तीन विषयों में पहला विषय ऊर्जा संकट और पर्यावरण संरक्षण है। दूसरा विषय संसद में महिला आरक्षण का महिला सशक्तीकरण में योगदान है और तीसरा विषय ई-संसद के माध्यम से ससदीय प्रक्रिया को और कारगर बनाया जाना है। इन तीनों विषयों पर रबींद्रनाथ महतो वक्तव्य देंगे।

**भौतिकी के नोबेल 2023...**
जा सकता है जिनमें इलेक्ट्रॉन चलते हैं। 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना की पुरस्कार राशि पुरस्कार विजेताओं के बीच समान रूप से साझा की जाएगी। 1987 में, एनी एल'हुलियर ने पाया कि जब उन्हें एक नोबल गैस के माध्यम से अवरक्त लेजर प्रकाश प्रसारित किया तो प्रकाश के कई अलग-अलग ओवरटोन उत्पन्न हुए। प्रत्येक ओवरटोन एक प्रकाश तरंग है जिसमें लेजर प्रकाश में प्रत्येक चक्र के लिए चक्रों की एक निश्चित संख्या होती है। वे गैस में परमाणुओं के साथ लेजर प्रकाश की परस्पर क्रिया के कारण होते हैं। यह कुछ इलेक्ट्रॉनों को अतिरिक्त ऊर्जा देता है जो बाद में प्रकाश के रूप में उत्सर्जित होती है। एल'हुइलियर ने इस घटना का पता लगाना जारी रखा, और बाद की सफलताओं के लिए जमीन तैयार की। साल 2001 में ऑगस्टिनी लगातार प्रकाश स्पंदों की एक श्रृंखला का उत्पादन और जांच करने में सफल रही, जिसमें प्रत्येक स्पंद केवल 250 एटोसेकेंड तक चली। उसी समय फेरेंस क्राउसज एक अन्य प्रकार के प्रयोग के साथ काम कर रहे थे, जिन्होंने 650 एटोसेकंड तक चलने वाले एकल प्रकाश पल्स को अलग करना संभव बना दिया। पुरस्कार विजेताओं के योगदान ने उन प्रक्रियाओं की जांच को सक्षम किया है, जो इतनी तेज हैं कि उनका पालन करना पहले असंभव था। भौतिकी की नोबेल समिति की अध्यक्ष ईवा ओल्सन ने कहा,' "अब हम इलेक्ट्रॉनों की दुनिया का दरवाजा खोल सकते हैं। एटोसेकंड भौतिकी हमें उन तंत्रों को समझने का अवसर देती है जो इलेक्ट्रॉनों द्वारा शासित होते हैं। अगला कदम उनका उपयोग करना होगा।" कई अलग-अलग क्षेत्रों में संभावित अनुप्रयोग हैं। उदाहरण के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स में, यह समझना और नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है कि किसी सामग्री में इलेक्ट्रॉन कैसे व्यवहार करते हैं। एटोसेकंड पल्स का उपयोग चिकित्सा निदान जैसे विभिन्न अणुओं की पहचान करने के लिए भी किया जा सकता है।

**झारखंड में भी उठ रही...**
बिहार में भाजपा को ओबीसी का 26 प्रतिशत वोट मिला था जबकि राजद को 11 प्रतिशत और जदयू को 25 प्रतिशत। उत्तर प्रदेश में 61 प्रतिशत ओबीसी वोटर भाजपा के साथ थे। वहां सपा को 14 और बसपा को 15 प्रतिशत ओबीसी वोट मिला था। पश्चिम बंगाल में भाजपा को रिकॉर्ड 68 प्रतिशत ओबीसी वोट हासिल हुआ था। वहीं तेलंगाना में 23, कर्नाटक में 50 और ओड़िशा में 40 प्रतिशत ओबीसी वोट पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

**दिल्ली में गिरफ्तार आईएसआईएस के तीन...**
सेन को गिरफ्तार कर बीते दिनों रांची लाया था। हजारीबाग के रहने वाले शाहनवाज उर्फ अब्दुल्ला उर्फ शफी उज्जमा उर्फ प्रिंस ने बेंगलुरु के विश्वेश्वरैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से माइनिंग इंजीनियरिंग में बी-टेक किया है। उसके पिता हजारीबाग में केएन इस्लामिया स्कूल में हेडमास्टर रह चुके हैं। उसका पासपोर्ट रांची में 31 अक्टूबर 2016 को बना था, जिसकी वैधता 30 अक्टूबर 2026 तक है। हजारीबाग के बड़ा बाजार थाने की पुलिस ने उसे उसके दो साथियों के साथ वर्ष 2020 में पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। करीब छह महीने तक हजारीबाग स्थित जेपी सेंट्रल जेल में रहने के बाद वह जमानत पर छूटा तो पुणे चला गया था। बताया जाता है कि माइनिंग इंजीनियर होने के चलते उसे बम ब्लास्ट का ज्ञान है। उसने बम बनाने के कई प्रयोग भी किए। उसने वहीं किसी लड़की से शादी की। उसके खिलाफ पुणे के जंगल में बम विस्फोट का ट्रायल करने के मामले में केस दर्ज हुआ था। चितौड़गढ़ ब्लास्ट में भी जांच एजेंसी को उसकी तलाश थी। एनआईए ने मोहम्मद शाहनवाज के ठिकाने से पिस्टल, आईडी बनाने के सामान, विस्फोटक, केमिकल, जेहादी व बम बनाने का साहित्य आदि बरामद किया था। मोहम्मद शाहनवाज के दूसरे साथी, जिस मोहम्मद अरशद वारसी को गिरफ्तार किया गया है, वह गढ़वा शहर के रॉकी मोहल्ला का रहने वाला है। वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का छात्र रहा है। उसके पिता वारिस खान एक सरकारी शिक्षक हैं। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझिआंव में उनकी पदस्थापना है। अरशद की गिरफ्तारी की जानकारी मीडिया से लोगों को मिली तो लोग सन्न रह गए।

